CMYK

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 79,595.59
निफ्टी 24,167.25
सोना 1,01,000
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 23 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 253 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## विकसित भारत यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन: सीतारमण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात में अमरेली तालुका क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर गिरिया गांव के निकट सड़क पर अचानक एक निजी प्रशिक्षण विमान अपराह्न दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। लेकिन हादसे में अहमदाबाद निवासी 19 से 20 साल के उम्र के पायलट अनिकेत महाजन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विमान में एक ही पायलट सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वायुसेना अधिकारी पर हमला मामले में एक गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में सोमवार को रोड रेज की घटना के दौरान वायु सेना (आईएएफ) के एक अधिकारी पर कथित हमले के संबंध में जवाबी मामला दर्ज किया गया है। बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि सोमवार की सुबह बायप्पनहल्ली पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई घटना के संबंध में, एक मामला और एक जवाबी मामला दर्ज किया गया है। हम तथ्यों को स्थापित करने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि यह झगड़ा मोटरसाइकिल चालक और कार में बैठे लोगों के बीच मामूली विवाद से उपजा था।

## तमिलनाडु से जुड़े केस में केरल का मामला शामिल नहीं :केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में देरी से संबंधी शीर्ष अदालत के आठ अप्रैल, 2025 के फैसले में केरल का मामला शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तमिलनाडु के फैसले का अध्ययन करने के लिए समय की मांग करते हुए कहा कि यह (तमिलनाडु का मामला) केरल के मामले से अलग है। शीर्ष अदालत ने आठ अप्रैल, 2025 के अपने फैसले में तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर कई सवाल उठाए।

## आयुष्मान भारत में सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार करा सकेंगे ESIC के लाभार्थी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के लाभार्थी केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों में भी उपचार करा सकेंगे और इसके लिए खर्च की कोई सीमा नहीं होगी।

# UPSC नतीजों में यूपी की शक्ति दुबे अव्वल



### हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे

**1009 उम्मीदवारों में से 725 पुरुष और 284 महिलाओं को मिली सफलता**

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम और सुश्री हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि श्री डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे।

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147, सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गए हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य पाए गए।

# पहलगाम में आतंकी तांडव, दो विदेशी समेत 30 पर्यटकों की मौत

## आतंकियों ने नाम पूछकर मारी गोली, 15 से ज्यादा घायल, शाह पहुंचे श्रीनगर

**चार आतंकियों ने दिया वारदात को अंजाम**

**पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल हैं। एक शख्स इजरायल और एक इटली का रहने वाला है। 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंच चुके हैं।

बताया जा रहा है कि कुल चार आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दिया, जिसमें से तीन पाकिस्तानी और एक लोकल कश्मीरी है। जब दोपहर को यह वारदात हुई तब सैलानी वहां घुड़सवारी कर रहे थे। तभी आतंकी वहां पहुंचे और उन्होंने पंजाबी में टूरिस्ट से उनका नाम पूछा। पहचान स्थापित होने के बाद लोगों को मौत के घाट उतारा गया। इस दौरान करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक मरने वालों में अधिकांश पुरुष हैं। अनंतनाग जिले के बैसरन घाटी के ऊपरी इलाकों में टूरिस्ट घूम रहे थे, तभी अचानक उन पर गोलीबारी कर दी गई। गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम पहुंचने से पहले आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी और सेना व सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग भी की। पीएम मोदी इस मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपलब्ध रहे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। वह भी पहलगाम पहुंच गए हैं।बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अधिकारी सहित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मौजूद रहे। खुफिया सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक आतंकी टूरिस्ट के बड़े ग्रुप को टारगेट करने की फिराक में थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आतंकी फरार हो गए। सुनियोजित तरीके से टूरिस्ट को निशाना बनाया गया। गर्मियों के इस सीजन में घाटी में टूरिस्ट की संख्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है। टूरिस्ट को निशाना बनाकर आतंकी जम्मू-कश्मीर में सैलानियों के प्रवेश को रोकना चाहते हैं।



### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### राहुल ने की हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## नेशनल हेराल्ड की लूट वाला बैग लिए दिखीं बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर जाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। मीटिंग में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा बैग लेकर पहुंचीं। स्वराज ने कांग्रेस पार्टी पर गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहली बार है जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-मीडिया में भ्रष्टाचार हुआ है। दरअसल, 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को सुनवाई है। इससे पहले 10 दिसम्बर को प्रियंका गांधी संसद में पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने बैग लेकर पहुंची थीं। वे गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। बैग के जरिये विरोध करने को लेकर प्रियंका गांधी भी पीछे नही हैं। वह कई बार अलग-अलग बैग के साथ नजर आ चुकी हैं। 16 दिसम्बर, 2024 को प्रियंका गांधी 'फलस्तीन आजाद होगा लिखा' बैग लेकर संसद पहुंची थीं।

# रामदेव का शरबत पर बयान माफी लायक नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: अपने विचार अपने तक रखें, बयान ने अंतरआत्मा झकझोर दी, रामदेव हटाएंगे सारे वीडियो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस वीडियो पर नाराजगी जताई, जिसमें बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी।

कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं। रोहतगी ने कहा कि यह धर्म के नाम पर हमला है। 3 अप्रैल को रामदेव ने पतंजलि शरबत लॉन्च किया था। इसी दौरान शरबत जिहाद कमेंट किया था। पतंजलि की ओर से एडवोकेट राजीव नायर ने कहा कि हम सभी वीडियो हटा लेंगे। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि रामदेव एक हलफनामा दें कि आगे इस तरह की बयानबाजी नहीं करेंगे। अदालत ने कहा कि रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें, इन्हें जाहिर न करें। रोहतगी ने कहा कि रामदेव ने अपने बयान के जरिए धर्म के आधार पर हमदर्द कंपनी पर हमला किया है। उन्होंने शरबत जिहाद का नाम दिया। रामदेव का नाम मशहूर है, बिना किसी दूसरे प्रोडक्ट की बुराई के वे पतंजलि का सामान बेच सकते हैं। यह बयान बुराई करने से आगे निकल गया है, यह धार्मिक बंटवारा करता है। रामदेव का कमेंट हेट स्पीच की तरह ही है। रोहतगी ने भ्रामक विज्ञापनों के केस की याद दिलाई और कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को लोगों से माफी मांगने का आदेश दिया था। रोहतगी बोले कि विज्ञापनों के जरिये लोगों में भ्रम फैलाया गया और ऐलोपैथिक दवाईयों के खिलाफ बयान भी दिए।

## नागपुर दंगे: मुख्य आरोपी को मिली जमानत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 17 मार्च को हुई नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी हामिद इंजीनियर को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) की अदालत ने जमानत दे दी है।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जमानत देते हुए अदालत ने उसे 50 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का निर्देश दिया। साथ ही उसे सबूतों से छेड़छाड़ न करने का निर्देश दिया गया है। इंजीनियर ने अपनी जमानत याचिका में तर्क दिया कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है क्योंकि उसने ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नौ लोगों के खिलाफ औरंगजेब की मजार पर नारे लगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीडब्ल्यूडी के पूर्व कर्मचारी हामिद एमडीपी के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष हैं। मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने के दक्षिणपंथी समूहों के आह्वान के बाद शहर में हुई हिंसा को लेकर नागपुर पुलिस के साइबर सेल ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

## जवानों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जवानों की टीम बीजापुर के जंगल में तलाश में निकली थी। इसी दौरान घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने उन पर हमला कर दिया।

# राहुल के बयान पर चुनाव आयोग की तल्ख टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा- गलत सूचना फैलाना कानून का अपमान, अपने पार्टी प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है**

**नई दिल्ली।** अमेरिका दौरे पर 20 अप्रैल को राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव पर सवाल उठाए थे। इस पर चुनाव आयोग ने मंगलवार को बयान जारी किया। आयोग ने कहा कि भारत में जिस पैमाने और सटीकता से चुनाव होते हैं, उसकी दुनिया भर में तारीफ होती है। पूरा देश जानता है कि वोटर लिस्ट तैयार करने, वोटिंग और काउंटिंग समेत हर चुनाव प्रक्रिया में सरकारी कर्मचारी शामिल होते हैं।

आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है। चुनाव आयोग ने कहा कि किसी के द्वारा फैलाई जा रही कोई भी गलत सूचना न केवल कानून का अपमान है, बल्कि खुद अपनी पार्टी के हजारों नियुक्त प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है। यह लाखों चुनाव कर्मचारियों के मेहनत को कम करता है, जो चुनाव में अथक और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर कहा था कि यह पूरी तरह साफ है कि भारत का चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। सिस्टम में गड़बड़ी है।

# निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा था- गृह युद्ध के लिए सीजेआई जिम्मेदार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए याचिका अगले सप्ताह लिस्ट करने को कहा है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं की है।

याचिका में सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ दिए भाजपा सांसद के बयानों के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग की गई है। मामला जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजे मसीह की बेंच के सामने तुरंत सुनवाई के लिए रखा गया था। निशिकांत दुबे ने 19 अप्रैल को कहा था कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। दुबे सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा तय करने के फैसले पर बात कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया था कि किसी बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने 20 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके दुबे के बयानों को आपराधिक अवमानना के दायरे में लाने की मांग की थी।

# श्रमिकों को भीषण गर्मी से बचाएं राज्य

## केंद्र ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखी चिट्ठी

शाह टाइम्स ब्यूरो


**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों और मजदूरों पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को लिखे एक पत्र में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव ने कामगारों और श्रमिकों पर अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए व्यवसायियों, नियोक्ताओं, निर्माण कंपनियों और उद्योगों को निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया है। पत्र में कहा गया है कि गर्मी के प्रभाव से निपटने के लिए समन्वित, बहु- स्तरीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। इसमें कार्य के घंटों का पुनर्निर्धारण, पर्याप्त पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करना, कार्य स्थलों, विश्राम स्थलों में वायु-आवागमन और प्रशीतलन सुनिश्चित करना, श्रमिकों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच कराना तथा निर्माण श्रमिकों को आपातकालीन 'आइस पैक' और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव की सामग्री उपलब्ध कराना शामिल है।

### महाराष्ट्र के चंद्रपुर में पारा 45.6 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश-राजस्थान सहित 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान का तापमान फिर से बढ़ सकता है। तीन से चार दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। महाराष्ट्र का चंद्रपुर 45.6 डिग्री के साथ दूसरे दिन देश का सबसे गर्म जिला रहा है। मध्य प्रदेश में भी गर्मी का दौर जारी है। सोमवार को 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। सीधी फिर 44 डिग्री के तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं, छत्तीसगढ़ के 4 जिलों में भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

# धनखड़ की दो टूक: संसद से बड़ा कोई नहीं



**कहा: लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए मंगलवार को कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है।

श्री धनखड़ ने यहां दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम 'कर्तव्यम' को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों से ही निर्मित होते हैं। उनमें से प्रत्येक की एक भूमिका है। लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और स्पंदित होती है। नागरिकों के सतर्क होने से लोकतंत्र विकसित होगा और इसके मूल्यों का संवर्धन होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के विकसित होने के लिए नागरिक योगदान देता है और इसका कोई विकल्प नहीं है। उपराष्ट्रपति दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ लोगों ने हाल ही में संवैधानिक पद औपचारिक या अलंकरण बताया है। यह एक गलत समझ है।

### धनखड़ के लिए व्यक्ति विशेष सर्वोपरि हमारे लिए संविधान : दानिश अली



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टिप्पणी पर तीखी आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। पूर्व संसद ने 'एक्स' पर कहा कि उपराष्ट्रपति धनखड़ जी के लिए व्यक्ति विशेष सबसे ऊपर हो सकता है, लेकिन हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है। संसद या कार्यपालिका की आड़ में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर एक व्यक्ति विशेष को सर्वशक्तिमान बनाने की जो मुहिम चलाई जा रही है इसे देश माफ नहीं करेगा।

# सऊदी अरब के साथ संबंधों में असीम संभावनाएं: मोदी

**कहा: दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े**

**जेद्दा।** पीएम मोदी ने मंगलवार से आरंभ हो रही सऊदी अरब की उनकी दो दिवसीय यात्रा के पहले दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों की 'असीम संभावनाओं' की चर्चा करते हुए कहा है कि अस्थिरता से भरी दुनिया में दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े हैं।

श्री मोदी ने अरब न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मंगलवार से शुरू हो रही सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वर्ष 2016 और 2019 के बाद उनकी सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। श्री मोदी ने सऊदी अरब को एक विश्वसनीय और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए जोर देकर कहा कि वर्ष 2019 से 'रणनीतिक साझीदार परिषद' के गठन के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध महत्वपूर्ण रूप से काफी व्यापक हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी साझीदारी में असीमित संभावनाएं हैं। अस्थिरता से भरे समूचे विश्व में हमारे संबंध स्थायित्व के स्तंभ की भांति मजबूती से खड़े हैं।

# मोबाइल लूट की कोशिश नाकाम

## लुटेरों की बाइक खंदक में गिरी, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शहर के दुर्गा विहार कॉलोनी गेट नंबर-3 पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दिनदहाड़े दो लुटेरों ने एक युवक से मोबाइल झपटने की कोशिश की। लेकिन युवक ने बहादुरी दिखाते हुए न केवल अपना मोबाइल बचाया, बल्कि लुटेरों की बाइक को धक्का दे दिया, जिससे बाइक खंदक में जा गिरी। बाइक गिरते ही दोनों लुटेरे मौके से पैदल ही भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक किसी काम से कॉलोनी के बाहर मोबाइल पर बात करते हुए खड़ा था। तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक तेजी से आए और मोबाइल झपटने की कोशिश की। लेकिन युवक सतर्क था, उसने तुरंत बाइक का हैंडल पकड़ लिया और जोर लगाकर बाइक को एक ओर झुका दिया। इससे लुटेरे संतुलन खो बैठे और बाइक सहित खंदक में जा गिरे। स्थिति को भांपते हुए दोनों लुटेरे मौके पर बाइक छोड़कर भाग निकले।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। बाइक का नंबर प्लेट और उसके रजिस्ट्रेशन के आधार पर बाइक मालिक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके।

# रिकवरी एजेंटों व बाइक सवारों में जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों द्वारा बाईक को रोक. कर ले जाने के दौरान बाईक सवारों व एजेंटो के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसको लेकर हड़कंप मच गया। मारपीट में घायल हुए दोनों पक्षों के चार युवकों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव नरगदी निवासी मोहम्मद मुन्तजिम मलिक पुत्र मोहम्मद लियाकत व रिहाकत मलिक पुत्र शौकत अली बाइक से घर जा रहे थे। मंगलवार को करीब 11 बजे नहटौर के ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास फाइनेंस कंपनी के पांच रिकवरी एजेंटो ने बाईक रोक ली और बाइक लेकर जाने लगे। बताया जाता है कि बाईक फाइनेंस पर ली गई थी। उसकी किस्त जमा नहीं हो पा रही थी। बाईक सवारों ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया। गाली-गलौच के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। सड़क किनारे मारपीट के दौरान अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में डैजी देशवाल पुत्र कुलमणी सिंह गांव चौहड़पुर थाना नहटौर व संकी पुत्र सुरेश गांव खेड़की थाना हल्दौर और दूसरे पक्ष के मौहम्मद मुन्तजिम व रिहाकत मलिक घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है।

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हल्दौर।** ऋषिकेश के चंद्रशेखर रोड़ पर स्थित मोहल्ला मापा कुंडा निवासी सूरज सिंह ( 30) पुत्र विनायशील बुलंदशहर के खुर्जा मोहल्ला निवासी देवी धाम गार्डन निवासी माधो चौहान के साथ बाइक पर सवार होकर नूरपुर से बिजनौर की ओर जा रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव पैजनियां के निकट एक आम के बाग के समीप बिजनौर से नूरपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसकी चपेट में आकर सूरज सिंह की मौत हो गई और उसका साथी माधो चौहान गंभीर रुप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### नूरपुर में हनीफ गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने ग्राम नंगली जाजू निवासी हनीफ पुत्र नत्थू को गौकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है। 17 अप्रैल को ग्राम मोलवाला उर्फ तकीपुर घासी के जंगल में दो गौवंशीय पशुओं के सिर के अवशेष मिले थे। पुलिस ने चार अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था।

### नगीना देहात में चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने ग्राम साबूवाला निवासी राहुल व अंकित पुत्र राजेन्द्र, कोमल उर्फ छोटू पुत्र शेर सिंह एवं कपिल कुमार उर्फ खली पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम शादीपुर कलां, थाना हल्दौर को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। 30 मार्च को ग्राम कोटकादर निवासी वादी पुत्र अब्दुल रशीद ने आरोपियों के खिलाफ उसके भतीजे को जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### कोतवाली में नीरज व हर्ष त्यागी अरेस्ट

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने ग्राम जगन्नाथपुर उर्फ रांडोवाला निवासी नीरज पुत्र विजयपाल सिंह एवं नहटौर के ग्राम बेगराजपुर निवासी हर्ष उर्फ हर्षित त्यागी पुत्र सुनील त्यागी को हथियारों व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### डा. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला

**कोतवाली देहात।** नगीना विधानसभा के ग्राम कृतों नगली में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अनुसूचित जाति के सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कष्टों के साथ जीवन यापन किया लेकिन समाज का उत्थान किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर भी प्रकाश डाला। महेश्वरी मंडल के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने संविधान से संबंधित बात बताई। इस अवसर पर सुरेश भगत जी, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, विपिन चौधरी, टीकम सिंह, विनीत कुमार, कृष्ण कुमार त्यागी, सोनू सिंह, ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ एक युवक ने घर में घुसकर बलात्कार किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मंगलवार को गांव बैरमनगर निवासी हारिस पुत्र नईम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया है।

# नहर में छोड़े जा रहे पानी को बंद कराया

## पानी छोड़े जाने से कटाव की स्थिति हो गई थी पैदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम टपरौला में गांगन नहर पर बनाए जा रहे घाट का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के दौरान नहर में पानी छोड़े जाने से कटाव की स्थिति पैदा हो गई। जिससे मिट्टी का कटाव पक्की सड़क तक पहुंच गया। सूचना पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गांगन पुल पर गेट बंद कराते हुए नहर के पानी को बंद कराया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा गांगन नहर पर प्रत्येक ग्राम में ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए पक्के घाट बनाए जा रहे हैं। ग्राम टपरौला में पक्के घाट का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। काफी समय से नहर में पानी नहीं होने से किसानों की फसले मुरझा रही है। किसानों ने नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की थी। जिसके तहत दो दिन पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा गांगन नहर में पानी छोड़ा गया था। ग्राम टपरौला में अधर में पड़े घाट के पास पानी पहुंचते ही मंगलवार को मिट्टी कटाव शुरू हो गया। सड़क की साइड से मिट्टी का कटाव होने पर सड़क भी कटाव की जद में आ गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गांगन नहर में छोड़े जा रहे पानी को बंद कराया। जेई नासिर हुसैन ने बताया कि कटाव होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर जांच की जा रही है। फिलहाल नहर के पानी को बंद कर दिया गया है।

# एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में मनाया गया 'पृथ्वी दिवस'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण, नारा, भाषण, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेन्द्र सिंह व प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं को संदेश दिया कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। इसलिए 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन



प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। भाषण में आशी अधाना, मरियम, पोस्टर मेकिंग में पाखी, कलश, तनिष्का, दिव्या, सान्वी ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

### भावना हत्याकांड में दो और गिरफ्तार

**कोतवाली देहात।** करौंदा चौधर में हुए भावना हत्याकांड में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस शिवांग को पहले ही जेल भेज चुकी है।

ग्राम करौंदा चौधर निवासी भावना पुत्री वेद प्रकाश शर्मा की रविवार को गांव के ही शिवांगी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी शिवांग के पिता सुशील त्यागी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा उपलब्ध कराने वाले शादाब को भी गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।

न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले में दो और आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस उनकी तलाश में भी दबिश दे रही है।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में पृथ्वी दिवस मनाया

## छात्रों ने 'पृथ्वी बचाओ, पेड़ लगाओ' विषय पर प्रस्तुत किया प्रभावशाली नृत्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: विशेष प्रार्थना के साथ की गई।

छात्रा बुशरा परवीन और छात्र खुशहाल कुशवाहा ने पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिए। पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने के संदेश को लेकर कक्षा 2 और 3 के विद्यार्थियों ने सुंदर नाटिका प्रस्तुत की। इसी क्रम में विद्यालय के डांस क्लब के छात्रों ने "पृथ्वी बचाओ, पेड़ लगाओ" विषय पर प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कंप्यूटर क्लब के छात्रों ने एक आकर्षक पी.पी.टी. प्रस्तुति के माध्यम से अभिभावकों



को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वहीं कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर सुंदर पोस्टर बनाए। आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब के छात्रों ने पर्यावरण विषयक कोलाज बनाए, जबकि बुक एंड वीडियो क्लब के बच्चों ने भाषणों के माध्यम से सभी को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पौधारोपण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक गौरव डावरा ने बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश दिया। समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य श्री मुकुल शर्मा, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डावरा और डीन ऑफ ऐकडेमिक श्री आयुष अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में ई.एच.ए. क्लब के सहयोगी शिक्षक मंदीप तोमर, मोहम्मद फैसल और शिक्षिका आकांक्षा चौधरी का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग

## वार्ड की महिलाओं की समस्या व जनसंख्या के मद्देनजर रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका परिषद नगीना के सभासद सैयद उस्मान जैदी ने समाधान दिवस में डीएम से मिलकर वार्ड नंबर 22 में एक नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद के मोहल्ला पंजाबियान व अकाबरान क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 22 के सभासद सैयद उस्मान जैदी ने बीते शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी




जसजीत कौर से मिलकर वार्ड नंबर 22 में नया आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 22 मौहल्ला अकाबरान के साथ पंजाबियान मौहल्ला भी सम्मिलित है। उक्त वार्ड की जनसंख्या 3406 है परन्तु उक्त वार्ड में मात्र एक ही आंगनबाडी केन्द्र है तथा एक आंगनबाडी कार्यकत्री कार्यरत है और कोई भी आंगनबाडी सहायिका नही है। वार्ड की जनसंख्या एवं वार्ड की महिलाओं को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त वार्ड में एक और आंगनबाडी केन्द्र एवं कार्यकत्री व सहायिका का नियुक्त कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी मुख्य बाल विकास अधिकारी को भी लिखित रूप में अवगत कराया जा चुका है और एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के कार्यालय पर जाकर दिया गया था लेकिन अभी तक इस प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

उन्होंने वार्ड की महिलाओं की समस्याओं एवं जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड में एक आंगनबाडी केन्द्र एवं कार्यकत्री व सहायिका को नियुक्त करने हेतु आद. ेश पारित करने की जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

### युवक ने जहर खाकर जान दी

**कोतवाली देहात।** गृह क्लेश के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद परिजन में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चे रोता बिलखता छोड़ गया।

थाना क्षेत्र के गांव दयालपुर निवासी अमराव उर्फ अनिल (उम्र 36 वर्ष) पुत्र रामू सिंह ने मंगलवार को गृह कलेश के चलते घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। इसके बाद अमराव की हालत खराब होने लगी परिजन अमराव को जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में अमराव उर्फ अनिल ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चोरों ने मचाया आतंक, घर में घुसकर कानों से कुंडल खीचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के कई गांव में चोरों ने माल पर हाथ साफ कर दिया। चोर भाजपा किरतपुर ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष की माता के कान से कुंडल खींचकर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी जितेंद्र सिंह किरतपुर ग्रामीण से भाजपा के मंडल अध्यक्ष हैं। उनकी माता वीरवती देवी पत्नी खिलेंद्र सिंह अपने घर में गैलरी में सोई हुई थी। उनके मकान के पीछे उनके खेत हैं। चोर दीवार फांद कर घर में घुस गए और गैलरी का छोटा गेट खोल दिया। उसके बाद चोरों ने वहां सो रही वीरवती देवी की मच्छरदानी को ब्लेड से काट दिया और वीरवती देवी के कुंडल खींच लिए। इस दौरान वीरवती देवी ने शोर मचाया लेकिन तब तक चोर भाग चुके थे। घटना में वीरवती देवी के कान में गंभीर चोट आई है। गोपालपुर के निकट स्थित गांव नंदपुर निवासी हरवती देवी पत्नी अजय पाल के कुंडल भी चोर चोरी करके ले गए। चोर घर में दीवार फांदकर घुसे और हरवती देवी के कान से कुंडल खींचकर ले गए। उनके कान में भी गंभीर चोट आई है। चोर ग्राम जलाल. पुर में अनिल कुमार की दुकान में रखा बैटरा चोरी करके ले गए। चोरों ने ग्राम गनोरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़ दिए लेकिन वहां से कोई भी चीज चोरी नहीं हुई। भाजपा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने, ग्राम नंदपुर निवासी अजय पाल सिंह ने तथा ग्राम जलालपुर निवासी अनिल कुमार ने चोरी की तहरीर थाने में दी है। घटनास्थल पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी सीओ नगीना अंजनी कुमार तथा एसओजी की टीम भी पहुंची ।पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# बंगाल सरकार के खिलाफ घेरा शिक्षकों ने एसएसपी ऑफिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साल्ट लेक क्षेत्र में मंगलवार को तनाव उस समय चरम पर पहुंच गया जब सैकड़ों बर्खास्त सरकारी शिक्षकों ने यहां स्थित पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के मुख्यालय का घेराव किया।

इससे पहले सोमवार को एसएससी प्रमुख सिद्धार्थ मजूमदार और अन्य को घेरा गया था। इन्होंने 2016 के शिक्षक पैनल के योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की मांग की। पुलिस ने एसएससी कार्यालय के आसपास अपने बलों को तैनात किया, जबकि प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया और एसएससी द्वारा उनकी मांगें स्वीकार किए जाने तक विरोध जारी रखा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने उन लोगों को अनुम. ति दी जो पानी, दवाइयां और आवश्यक सामान एसएससी अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों को आचार्य सदन में ले जा रहे थे। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अंदर थे, जबकि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें जाने नहीं देने का दृढ़ निश्चय किया। एसएससी ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि एसएससी ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बरकरार रखने की अपनी मंशा की घोषणा कर दी है। उन्होंने पात्र शिक्षकों को सलाह दी कि वे तब तक प्रतीक्षा करें जब तक राज्य सरकार समीक्षा याचिका के साथ अदालत में नहीं जाती। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था जिसमें शिक्षकों और ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के पूरे 2016 के पैनल को रद्द कर दिया गया था। क्योंकि एसएससी बार-बार अनुरोध के बावजूद योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराने में विफल रहा था।

### नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने की योजना तैयार की है। इसमें बीजेपी और सरकार पर संविधान विरोधी होने का चेहरा उजागर किया जाएगा। कांग्रेस 24 अप्रैल तक देश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई देने के बाद 25 अप्रैल से नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी। कांग्रेस के पांच सूत्रीय एजेंडे में लोकसभा चुनाव में कुछ बीजेपी उम्मीदवारों के संविधान बदलने के बयान की तर्ज पर निशिकांत दुबे, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री किरन रिजूजू जैसे नेताओं के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयानों को उठाया जाएगा, राज्यसभा में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान को वीडियो क्लिप से साथ प्रचारित किया जाएगा। चुनाव आयोग और राज्यपाल समेत संवैधानिक संस्थाओं पर बीजेपी के कब्जे के आरोप को पुख्ता किया जाएगा।

# इंडिया एक्सपो में सहारनपुर के हस्तशिल्प को मिली सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के तत्वाधान में ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 16 से 19 अप्रैल तक आयोजित हस्तशिल्प मेले में सहारनपुर और मुरादाबाद की हस्तशिल्प कला को दुनिया के 112 देशों के खरीदारों को खूब लुभाया।

मेले में अबकी 13 सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स मुरादाबाद के निदेशक इशहान अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि पिछली बार के हस्तशिल्प मेले में एक हजार करोड़ का विदेशी कारोबार हुआ था। अबकी 300 करोड़ की वृद्धि इस मायने में अहम है, क्योंकि विश्व बाजार में अस्थिरता का माहौल है। अमेरिका और चीन के बीच निर्यात शुल्क को लेकर चल रही तनातनी से



दुनिया के खरीदार खासे घबराऐं हुए हैं। फिर ईपीसीएस खरीदारों को प्रदर्शनी में बड़ी तादाद में लाने में सफल रही। मेले में यूं तो देश भर से तीन हजार के करीब निर्यातक पहुंचे लेकिन सहारनपुर और मुरादाबाद के निर्यातकों की चांदी रही। सहारनपुर के 30-35 निर्यातक मेले में गए थे। राम जी सुनेजा का कहना था कि कारोबार उम्मीद के मुताबिक तो नहीं रहा, लेकिन कम से कम आधे निर्यातक विदेशी खरीदारों से मिले ऑर्डर से संतुष्ट है। सहारनपुर के सबसे बड़े वुड कार्विंग के उत्पादों के निर्माता एवं निर्यातक असलम सैफी ने कहा कि उनके स्टाल पर पहले मेलों की तुलना में ज्यादा अमेरिकी खरीदार पहुंचे। मुरादाबाद के सेविन सीज इंटरनेशनल फर्म के निदेशक निर्यातक अब्दुल अजीज का कहना है कि विदेशी ग्राहक उनके स्टाल पर बड़ी संख्या में आए पर कारोबार करने को लेकर उनमें हिचक बनी रही। विश्व बाजार में अस्थिरता जब तक रहेगी तो भारतीय निर्यात उससे अवश्य प्रभावित रहेगा। मुरादाबाद की ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स के निदेशक इशहान अग्रवाल ने बताया कि फर्नीचर, लैंप और सजावटी सामानों की मांग इंग्लैंड, हालैंड आदि देशों में खूब रही। इसी फर्म के रजनीश अग्रवाल और कुलीन अग्रवाल का कहना है कि निर्यातक खासे उत्साहित है। चीन, अमेरिका की खींचतान का लाभ भारतीय निर्यातकों को मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale







शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पूर्व सांसद मुनकाद अली ने बसपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## कद्दावर नेता हाजी इलियास को सराहा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बसपा के कद्दावर नेता मौहम्मद हाजी इलियास के पेट्रोल पम्प पर मुरादाबाद मंडल की एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर से मुरादाबाद मार्ग स्थित बसपा के कद्दावर नेता मौहम्मद हाजी इलियास के पेट्रोल पंप पर पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के आदेश पर एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश मुनकाद अली ने कहा कि मौहम्मद हाजी इलियास बसपा के बहुत पुराने व ईमानदार कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूरे मंडल में सबसे ज्यादा सीट है। यहां की जनता ने बहुजन समाज पार्टी को दी थी। आगामी विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र से लोगों ने मुस्लिम समाज ने समा. जवादी पार्टी को वोट दिया, लेकिन भाजपा को हटाने में नाकाम रहे। भाजपा को हटाने के लिए बहुजन समाज पार्टी ही एक ऐसा विकल्प है, जिसमें दलित, पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम समाज मिलकर भाजपा सरकार को हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महंगाई बढ़ाई गई है और आपसी भाईचारे को खत्म करने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती की सरकार में सभी वर्गों का बराबर का सम्मान था। शासन प्रशासन पीड़ित की पुकार सुनता था। भ्रष्टाचारी व महंगाई पर सरकार का पूरा नियंत्रण बना हुआ था, लेकिन आज बेलगाम सरकार नफरत फैलाने वालों को बढ़ावा दे रही है। देश और प्रदेश से आपसी भाईचारे को खत्म करने का काम कर रही है। बसपा राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली ने सभी बसपा कार्यकर्ताओं को आम जनता से संपर्क करने का आह्वान किया और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

इस मौके पर आए सत्यपाल पीपला मुख्य मंडल प्रभारी, रणविजय सिंह मुख्य मंडल प्रभारी, धनराज सिंह पूर्व राज्य मंत्री, जफर मलिक मंडल प्रभारी, रामकुमार सिंह मंडल प्रभारी, बसपा जिला अध्यक्ष व बसपा के युवा नेता नगर निवासी आमिर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा की नीतियों को आम जनता को बताइए। इस मौके पर बसपा के कद्दावर नेता मुरादाबाद लोकसभा के पूर्व प्रभारी मौहम्मद हाजी इलियास ने आए हुए सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बसपा की यह मंडल स्तरीय एक दिवसीय समीक्षा बैठक का उद्देश्य यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती की सरकार में जो सबको साथ लेकर चलने का काम करती थी, लेकिन पूर्व में कुछ चुनाव से मुस्लिम समाज, पिछड़ा वर्ग ने बसपा की नीतियों से अलग हटकर समाजवादी पार्टी से जुड़कर भाजपा सरकार को वजूद में लाने का सहयोग किया है और आज उसके परिमाण हमारे सामने है। देश और प्रदेश में महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। आपसी भाईचारे को खत्म किया जा रहा है। शासन प्रशासन पीड़ित की सुनवाई नहीं कर रहा है। हम सबको मिलकर फिर से बहन मायावती के हाथों को मजबूत बनाने में सहयोग करना है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी गौहर चौधरी, आसिफ नेता, हाजी इस्तेखार पारवा, सुलेमान चौबे, अतीक चौधरी, जावेद चौधरी, तालिब रहीस, रिजवान चौधरी, दाउद चौधरी, हाजी जुल्फिकार, शकील वकील, सुलतान चौधरी, असलम अल्वी, हकीम रहीस, अमर दीप, आसिफ चचा, साहिल चौधरी, फैसल चौधरी, मौहम्मद मोनिश, अब्लुल्ला चौधरी, कफील अब्बास, अजीम चौधरी, अजीम जफर मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की और संचालन आमिर चौधरी ने किया।

# हाजी इरशाद अली को याद कर रहा नूरपुर का अवाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर का अमन व तरक्की पसंद अवाम पूर्व चेयरमैन हाजी इरशाद अली अंसारी को याद कर रहा है। उनके द्वारा नगर के विकास के लिए किए गए रिकार्ड कार्यों को याद किया जा रहा है।

गौरतलब है कि हाजी इरशाद अली अंसारी एवं उनके परिवार के सदस्य लम्बे समय तक नूरपुर की राजनीति के केन्द्र में रहे हैं। नगर पालिका के चेयरमैन पद पर इस परिवार के सदस्यों का कब्जा रहा है। इन्हें नूरपुर का अवाम पसंद करता रहा है। जिसकी वजह से हर चुनाव में इन्हें रिकार्ड वोट मिलते थे और विरोधी हाथ मलते रह जाते थे। नूरपुर के विकास में इस परिवार का अहम योगदान रहा है। खासतौर पर हाजी इरशाद अली अंसारी एवं उनकी पत्नी पूर्व चेयरपर्सन फारीना इरशाद ने नगर के विकास के लिए रिकार्ड कार्य अपने कार्यकालों के दौरान कराए थे। लेकिन राजनीतिक रूप से महत्वकांक्षा रखने वाले कुछ लोगों को पिछले चुनाव में हाजी इरशाद अली के राजनीतिक विरोधियों ने इस्तेमाल किया। हाजी इरशाद अली ने जिन्हें राजनीति करना सिखाया था, वह भी बड़े-बड़े ख्वाब देखने लगे थे। सभी की साजिशों का नतीजा रहा कि पिछले चुनाव में

## अवसरवादी नेताओं की क्षेत्र में किरकिरी

हाजी इरशाद अली नहीं जीत पाए थे। उनकी हार का आज भी नगर के अमन व तरक्की पसंद अवाम को अफसोस है। क्योंकि हाजी इरशाद अली जाति व धर्म से ऊपर उठ कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलते थे और बिना भेदभाव के उनके द्वारा नगर में विकास कार्य कराए जाते थे।

दूसरी तरफ खास बात यह है कि पिछले नगर पालिका चुनाव में शर्मनाक ढंग से हार कर भाजपा की जीत का रास्ता आसान करने वाले अब विधायक व जिला पंचायत सदस्य बनने का ख्वाब देख रहे हैं। जबकि हालत यह है कि वह आज अगर चुनाव हो जाए, तो अपने वार्ड के मेम्बर भी नहीं बन सकते हैं।

# टूटी सड़कों व पुलों का निर्माण कराएंगे विधायक तसलीम अहमद

## सड़कों, पुलों, धार्मिक स्थल मार्ग निर्माण को सीएम को भेजा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से जुटे हुए है। विधायक का कहना है कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्रथम प्राथमिकता है। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपने विधानसभा क्षेत्र की काफी सड़कों, पुलों, धार्मिक स्थल मार्ग के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृति प्रदान करने को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद के निम्न संपर्क मार्गों पर भारी संख्या में आवागमन है। मार्ग काफी खराब होने व चौड़ाई कम होने से दैनिक आवागमन करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण, जिसमें नजीबाबाद स्थाई बाईपास (कांवड़ यात्रा मार्ग) का 4 लेन में चौड़ीकरण करने, चंदक शाखा नहर पटरी मार्ग का चौड़ीकरण, किरतपुर-मण्डावली, लाहक कलां मार्ग का निर्माण कराने, मण्डी समिति जाब्तागंज के किले मार्ग का चौड़ीकरण व सीसी रोड बनवाने, नजीबाबाद झक्काकी, जोगीरम्पुरी, नेकपुर मार्ग का चौड़ीकरण, अभिपुरा संपर्क मार्ग, अलीपुरा मार्ग, नजीबाबाद रेलवे उपरिगामी सेतु का शहरी मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य, नजीबाबाद में कोटद्वार मार्ग पर पुल के नीचे सीसी द्वारा विशेष मरम्मत का कार्य ग्राम करमसखेड़ी से कब्रिस्तान संपर्क मार्ग, बिजनौर-नांगल नजीबाबाद मार्ग जालपुर, सबलगढ़, कोटावाली होते हुए निर्माण, बड़िया से नया गांव मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य, किरतपुर, मौअज्जमपुर, मण्डावली मार्ग से राजपुर नवादा में सीसी मार्ग, हुसैनपुर अड्डे से दाऊदपुर नन्हेड़ा मार्ग, किरतपुर मार्ग से हुसैनपुर नेकपुर मार्ग, शेखुपुरा फतेहउल्लाहपुर मार्ग, धनसीनी से फजलपुर रेलवे तक मार्ग, बाईपास से नांगल उब्बन होते हुए नजीमपुर मार्ग, कल्हेड़ी से रम्मनवाला, हर्सवाड़ा मार्ग, अकबरपुर चौगांवा मार्ग से मौजम्मपुर तुलसी मार्ग आदि के निर्माण की अपील की। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने क्षेत्र के कच्चे सम्पर्क मार्गों को भी पक्का बनाने की बात कही है।

# यूनिवर्सल एकेडमी में पृथ्वी दिवस मनाया

## सभी ने धरती को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में पृथ्वी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों के द्वारा विशेष असेंबली आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर हिंदी और अंग्रेजी में अपने विचार प्रस्तुत किए तथा विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पृथ्वी को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। इस तरह के कार्यक्रम करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण तथा विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को हमारी संस्कृति में मां का दर्जा मिला है, इसके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए तथा पृथ्वी के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने विद्यार्थियों को ग्लोबल वार्मिंग व इसके प्रभाव को समझाया तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी और कहा पृथ्वी को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

## एक नजर

### डीपीआरओ दमनप्रीत बनी आईएएस



**बिजनौर।** जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर 19 दिसम्बर, 2024 से तैनात दमनप्रीत अरोड़ा ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 103वीं रैंक हांसिल की है। जिसकी वजह से उनका आईएएस अधिकारी बनना तय है। दमनप्रीत अरोड़ा ने जनपद में तैनात रहते हुए पंचायत राज विभाग में काफी सराहनीय कार्य किया है।

### नाबालिग से बलात्कार में सचिन अरेस्ट

**बिजनौर।** वादी ने चार मार्च को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण सचिन पुत्र सूरज, राकेश व यशपाल पुत्रगण अमर सिंह निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर दहाना एवं सचिन का बहनोई निवासी शिवाला कलां ने उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया। तहरीर के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में धारा 87/65 (1) बीएनएस व 3/4 (2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने अभियुक्त सचिन को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजनौर में अंकित गिरफ्तार



**बिजनौर।** शहर कोतवाली में ग्राम सुनपता, थाना कोतवाली देहात निवासी श्रीमती प्रदीपा पत्नी जितेन्द्र सिंह उत्तरी सुरेन्द्र ने 14 मार्च को तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण अंकित, वासू व तन्नू पुत्रगण सीताराम एवं जीतू निवासीगण मौहल्ला कस्साबान, मेरठ की चुंगी ने जान से मारने की नीयत से उसके पिता पर धारदार हथियार से हमला किया। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अभियुक्त अंकित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ 2018 में नाबालिग के अपहरण का अभियोग भी पंजीकृत है।

### लक्ष्मण सहित 12 अरेस्ट

**बिजनौर।** जनपद में विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे ज्यादा सात अभियुक्त शहर कोतवाली में गिरफ्तार किए गए है। जिसमें गंज का रघु पुत्र फग्गन, निजामतपुरा का लक्ष्मण पुत्र लालमन, झकड़ी बांगर का नबील पुत्र रईसुद्दीन, मोनू उर्फ मुनीर पुत्र जहीर अहमद निवासी मौहल्ला चाहशीरीं बी-22, मौहल्ला खत्रियान इस्लाम नगर का शहजाद पुत्र रईस धोबी, मौहल्ला बकली लाइन पार का सोनू पुत्र मंगू सिंह व रोहित कुमार पुत्र सुरेन्द्र त्यागी शामिल हैं। थाना नगीना देहात पुलिस के द्वारा ग्राम सरफुद्दीन नगर निवासी शौकत पुत्र रफीक एवं थाना मंडावली के ग्राम लाहक कला निवासी आसिफ पुत्र शकील को गिरफ्तार किया गया है। ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी राजू पुत्र रघुवीर को अफजलगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नगीना पुलिस ने ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी वाजिद पुत्र महबूब एवं ग्राम कल्याणपुर निवासी राजीव उर्फ काला पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार किया है।

### नगीना थाना देहात में अरूण व देव अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नगीना देहात में 21 अप्रैल को थाना किरतपुर के ग्राम मसनपुर बसेड़ा निवासी मूला सिंह पुत्र हरवंशा ने तहरीर दी थी कि 20 अप्रैल को अभियुक्तगण अरूण कुमार पुत्र सुरेश सिंह एवं देव कुमार पुत्र देवन सिंह निवासी ग्राम थाना हीमपुर, थाना नगीना देहात ने अपने साथियों के साथ मिलकर शादी समारोह में उसके परिवार के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। साथ ही गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अरूण कुमार व देव को गिरफ्तार कर लिया है।

# घर में घुसे गुलदार को बाथरूम में किया बंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के मुंडाखेड़ी गांव में एक व्यक्ति के घर में देर रात 11 बजे गुलदार घुस गया, जिससे हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुंडा खेड़ी निवासी ब्रह्मपाल सिंह पुत्र रामकिशोर के घर की दीवार फांदकर गुलदार ने उसके घर में घुसने के बाद उछल कूद की। गुलदार की उछल कूद से गहरी नींद में सोए परिजनों की नींद टूट गई। गुलदार को देख कर लोगों में चीख पुकार मच गई।। हिम्मत का परिचय देते हुए परिवार के लोगों ने गुलदार को लाठी डंडों से डरा कर बाथरूम में बंद कर दिया। हालांकि इस बीच ब्रह्मपाल सिंह गुलदार के हमले में घायल भी हो गया। लेकिन काफी मशक्कत के बाद गुलदार को बाथरूम में बंद करने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को रात में घटना से अवगत कराया। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार और उप रेंजर विजय भारत सिंह टीम के साथ रात में ही गुलदार को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम ने गुलदार को पिंजरे में कैद किया। इससे पहले देर रात धामपुर में हाईवे फोर लाइन पर राजपूताना रिजॉर्ट के पास वाहन की टक्कर लगने से तीन वर्षीय मादा गुलदार की मौत हुई थी।

## शेरकोट में पिंजरे में फंसा गुलदार




**शेरकोट।** लगभग एक महीने की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार गुलदार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में फंस ही गया। सूचना पर पहुँची नगीना रेंज की वन विभाग की टीम गुलदार को अपने साथ ले गई। गौरतलब है कि गुलदार के बढ़ते भय को देखते हुए नगीना रेंज के वन अधिकारियों ने लगभग एक माह पूर्व गांव खिजरपुर में एक पोल्ट्री फार्म के निकट पिंजरा लगाया था। बताया जाता है कि सोमवार की रात किसी समय गुलदार पिंजरे में फंस गया। मंगलवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गुलदार को पिंजरे में फंसा देखा तो इसकी सूचना पुलिस सहित वन विभाग को दी। सूचना पर नगीना रेंज के रेंजर प्रदीप शर्मा, दरोगा सुनील राजौरा आदि वनकर्मी मौके पर पहुँचे और गुलदार को अपने साथ ले गए। रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि पकड़े गए गुलदार की उम्र लगभग 5 वर्ष होगी तथा गुलदार नर है। फिलहाल गुलदार को पीली डैम ले जाया जा रहा है।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने हज आजमीनों को अरकान बताए

## ट्रेनिंग व टीकाकरण कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से हर साल की तरह इस साल भी नगर के कासमियां इंटर कॉलेज में हज आजमीनों के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में इस साल हज पर जाने वाले लोगों को हज के अरकान बताए गए तथा टीकाकरण किया गया। कैम्प में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, खुर्शीद राईन, मुफ्ती जावेद ने हज आजमीनों को हज के पांच दिन के अरकान बताए। खुर्शीद राईन की निजामत में आयोजित कैम्प में मुफ्ती इस्लामुद्दीन ने मुल्क के अमनो-अमान के लिए दुआ कराई। इस मौके पर लगभग सवा सौ से अधिक हज आजमीनों का टीकाकरण कर उन्हें हज यात्रा की तफसील से जानकारी दी गई। जिससे हज के दौरान उनको कोई परेशानी नहीं पेश आए। हज कामयाब व अल्लाह के जरिए कबूल किए जाने के लिए भी दुआ कराई गई। कैम्प में आए हज आजमीन, कैम्प सहयोगी व दूसरे सभी स्टाफ वर्कर्स के लिए अनेक प्रबंध किए गए। कार्यक्रम में इंजीनियर राशिद हुसैन, कमर आलम, मौहम्मद अदनान, परवेज अख्तर, तसलीम मंसूरी, रिजवान अहमद, मोईनुद्दीन, सहल खान, मौहम्मद दानिश, हाजी अनीस, हाशिम अंसारी, मौहम्मद साकिब, मौहम्मद अंसार, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद सायम, मौहम्मद बदरान, शानू सैफी, अनीस ठेकेदार, इरशाद ठेकेदार, मौहम्मद अजमल खान, नसीम अहमद, इंजीनियर अजीम, हुसैन राशिद, सदर हाजी, मौहम्मद फैसल, अनीस सलमानी, मुस्तकीम सलमानी, फैसल, फराज, मौहम्मद हाशिम, शहजाद मैडम, रमशा, हिना कौसर, शमशुद्दीन, रिहाना जूली आदि का सहयोग रहा। कैम्प संयोजक इंजीनियर मुअज्जम ने कैम्प की कामयाबी के लिए सभी सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया।

# शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर

**नगीना।** शादी कार्यक्रम के बाद घर वापस जा रहे थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र मांगेराम सिंह नगीना में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से अपने अन्य साथियों के साथ आया हुआ था। देर रात्रि जब देवेंद्र शादी समारोह में शामिल होकर साथियों के साथ वापस अपने घर बाइक से जा रहा था तभी कोतवाली देहात से नगीना की ओर आ रही एक अज्ञात स्कर्पियो की कृषि अनुसंधान केंद्र के पास देवेंद्र की बाइक टक्कर हो गई, जिससे देवेंद्र व उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अन्य साथियों द्वारा सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया। एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# नूरपुर व अमरोहा मार्ग पर हादसों की संभावना

## सड़कों पर जगह-जगह गिरे पड़े पेड़ नहीं हटाए गए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तीन दिन पूर्व आई तेज आंधी व बारिश की वजह से जनपद में भारी संख्या में पेड़ व खम्भे जहां-तहां गिर गए थे। लेकिन नूरपुर-चांदपुर एवं नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर जहां-तहां गिरे पेड़ों को अभी तक नहीं हटाया गया है। जिसकी वजह से बड़े हादसे हो सकते है।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व देर शाम जनपद में तेज आंधी और उसके बाद बारिश आई थी। इस आंधी की वजह से पूरे जनपद में जगह-जगह छोटे-बड़े पेड़ एवं बिजली के खम्भे टूट कर गिर गए थे। जिसकी वजह से कई मार्गों पर रात भर यातायात ठप रहा था। साथ ही विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई थी। शहरी क्षेत्रों में तो जैसे-तैसे विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई थी। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। जहां-तहां सड़कों पर बड़े-बड़े पेड़ टूट कर गिरे हुए है। जिसकी वजह से कभी भी बड़े हादसे हो सकते हैं। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अभी तक इन पेड़ों को कटवाकर रास्ता नहीं खुलवाया गया है। नूरपुर-अमरोहा एवं नूरपुर-चांदपुर मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े पेड़ टूट कर गिरे हुए है। रात के अंधेरे में तो बाइक सवार यहां पर हादसे के शिकार हो रहे हैं। कई जगह पेड़ों की डालियां टूट कर नीचे लटक गई है, जो बसों व ट्रकों सहित अन्य चौपहियां वाहनों के शीशों में टकरा रही हैं। कई जगह खम्भें भी टूट कर सड़कों के किनारे गिरे पड़े हैं। शायद संबंधित विभागों के अधिकारियों को हादसों का इंतजार है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दो पक्षों में संघर्ष, वृद्धा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव पुटठा पुटठी में बच्चों में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्ष के लोग आमने सामने आ गए। गाली गलौच के बाद पथराव व लाठी डंडे चलने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों हो सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस गांव पहुंची है।

जानकारी के अनुसार गांव पुटठा पुटठी में विजेंद्र व अंकुश पक्ष के घर बराबर में है। बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे किसी बात को लेकर गाली गलौच होने पर दोनों पक्ष सामने आ गए और पथराव हो गया। इसके बाद लाठी डंडे चल गए। जिसमें करीब दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अंकुश की 60 वर्षीय मां रामकली को मृत घोषित कर दिया।





बताया जाता है कि रामकली के सिर में डंडा लगने से मौत हो गई। बिजेंद्र, पिंकी, सुनील, अंकुश, रीता, प्रियंका घायल हो गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीओ धामपुर सर्वम सिंह भी अस्पताल पहुंचे है और जानकारी ली है।

# छात्रा पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के मोहल्ला बुखारा निवासी नौ वर्षीय मिस्बा पुत्री दिलशाद अहमद चाहशीरी में रहने वाले अबरार के घर पर रोजाना अरबी पढ़ने जाती है। रोज की तरह मंगलवार सुबह वह अबरार के घर पर पढ़ने गई थी। वहां पर अबरार की बेटी मजहबी मौजूद थी। किसी बात का लेकर मजहबी ने मिस्बा पर हमला बोल दिया। चाकू और चिमटे से वार किया। मिस्बा की गर्दन काट दी। किशोरी लहूलुहान होकर गिर गई। चींख-पुकार सुनकर आरोपित युवती के स्वजन और अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। बालिका को किसी तरह छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल बालिका को अस्पताल ले गए, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ के मेडिकल कालेज में उसका इलाज चल रहा है। बालिका की हालत गंभीर बनी हुई है। बालिका के चाचा की तहरीर पर आरोपित युवती के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती को



हिरासत में ले लिया गया है। एएसपी सिटी संजीव बाजपेयी ने बताया कि युवती मानसिक रूप से कमजोर हैं। उसने ही किसी बात पर नाराज होकर बालिका के गर्दन पर चाकू मारा है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित युवती का मेडिकल कराकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक हटाने को लेकर मारपीट फायर करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सड़क पर खड़ी बाइक को हटाने को लेकर ट्रैक्टर सवार युवकों और बाइक सवार युवकों में मारपीट हो गई। जिसके बाद पुलिस को दी गई तहरीर में ट्रैक्टर सवार युवक युवक ने बाइक सवार युवक पर फायर करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं

थाना क्षेत्र के ग्राम भरूका निवासी याकूब अली की पुत्री की सोमवार को शादी थी। शादी में खाना बनाने के लिए पास के ही गांव खिरनी में स्थित मस्जिद से बर्तन मंगाए गए थे। मंगलवार की दोपहर याकूब अली का पुत्र दिन मोहम्मद, अपने परिवार के उमेर पुत्र महबूब, अर्श पुत्र इमरान, अरमान, सलमान पुत्रगण साकिर निवासी भरूका बर्तन देने के लिए खिरनी गए थे। बर्तन देने के बाद वह ट्रैक्टर ट्राली से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गांव खिरनी में बीच सड़क में खड़ी बाईक हटाने को लेकर बाईक सवार गांव खिरनी निवासी फेजान पुत्र सलमान व ट्रेक्टर सवार युवकों में कहासुनी हो गई। आस पास खड़े ग्रामीणों ने दोनो को समझा बुझाकर शांत कर दिया। पीड़ित का आरोप है की जैसे ही बह गांव खिरनी व गांव स्योहारा के बीच पहुंचे तभी पीछे से अपने भाई के साथ बाईक से आए फैजान ने ट्रेक्टर सवार युवकों से गाली गलौज करते हुए उन पर तमंचे से फायर कर दिया। अपने ऊपर फायर होता देख ट्रेक्टर पर सवार युवकों ने ट्रेक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान सामने से आ रही एक स्कूल वैन को आता देख आरोपी युवक दोनो भाई मौके से फरार हो गए। पीड़ित उमेर ने फैजान व उसके भाई के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## कार्यवाही की मांग को लेकर बैठक

**कोतवाली देहात।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव कृष्णपाल सिंह को एक व्यक्ति द्वारा गर्दन काटने और गन्दी गन्दी गालियां देने के विरोध में मंगलवार को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम शाहपुर सैदू में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि जिला महासचिव कृष्णपाल सिंह द्वारा 13 अप्रैल को थाना नांगल पुलिस को प्रकरण की तहरीर दी गई थी। लेकिन नांगल पुलिस द्वारा मामले में आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि आरोपी द्वारा बोले गए अपशब्दों का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो की पेन ड्राइव भी पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन नांगल पुलिस आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। थाना नांगल पुलिस द्वारा संगठन के कार्यकर्ता की सुनवाई नहीं हो रही है। विकास चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उक्त प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा थाना नांगल का घेराव कर आंदोलन करेगा। विकास चौधरी ने कहा कि जिला महासचिव कृष्णपाल सिंह के साथ अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी थाना नांगल पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह, नितिन कुमार, सचिन कुमार, केशव सिंह, इमरान चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद का धरना

## केन्द्रीय वित्त मंत्री व सीएम को भेजे ज्ञापन में रखी गई मांगें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय वित्त मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धरने में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा एवं जिला मंत्री राजेन्द्र सिंह के द्वारा अपने साथियों के साथ जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि केन्द्रीय सिविल सेवा (सी.सी.एस.) पेंशन नियम 2025 वित्त पेश करते समय पेंशनर्स के हितधारकों के साथ कोई चर्चा किए बिना पेंशनभोगियों हितों के खिलाफ सी.सी.एस. (पेंशन) नियमों में संशोधन किया गया है।



संशोधन में वर्तमान में पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभों से बाहर रखा गया है एवं उन्हें केवल उन केन्द्रीय सरकारी कार्मिकों के लिए लागू किया गया है, जो आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागे होने के पश्चात सेवानिवृत्त होंगे। एक रैंक एक पेंशन हमेशा सशस्त्र बलों के एवं अन्य कार्मिकों की मांग रही है एवं भूतपूर्व और भावी पेंशन भोगियों के बीच समानता केन्द्र सरकार के नागरिक पेंशन भोगियों की मांग रही है। पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग एवं छवें केन्द्रीय वेतन आयोग ने भूतपूर्व भावी पेंशन भोगियों के बीच समानता प्राप्त करने की आवश्यकता के बारे में विशेष रूप से सिफारिसें की है एवं उन्हें लागू भी किया गया है। वर्तमान और भावी सेवा निवृत्त कार्मिकों के बीच संशोधित समानता बनाए रखने के उद्देश्य से समान लाभ दिए जाने के छठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिश को सरकार ने स्वीकार किया एवं लागू भी किया।

इस प्रकार 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग ने एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों एवं एक जनवरी 2016 के पश्चात सेवा निवृत्त हुए पेंशनभोगियों के बीच समानता की सिफारिशों को भी स्वीकार करते हुए उसे लागू भी किया गया।

उपरोक्त के अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 10857/ 2016 में अपने पारित निर्णय आदेश में स्पष्ट रूप से फैसला दिया है, कि संशोधित पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य से पेंशन भोगियों को दो श्रेणियां बनाने का कोई वैद्य औचित्य नहीं है। एक व जो 1996 से पहले सेवानिवृत्त हुए और दूसरे वे जो 1996 के पश्चात सेवा निवृत्त हुए हो, इस तरह के वर्गीकरण की संशोधित पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य और प्रयोजन से कोई सम्बंध नहीं है। जो विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया है, जिसमें जानकारी में आया है कि 31 दिसम्बर 2025 से पहले के पेंशनर्स और एक जनवरी 2016 के बाद में सेवानिवृत्त पेंशनर्स को आपस में बांटने का प्राविधान किया गया है, जो कि बहुत ही निन्दनीय है। विधेयक में दिए गए प्राविधानों में 31 दिसम्बर 2025 से पूर्व पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ नहीं दिए जाएंगे। यह प्रस्ताव निर्णय पेंन्शनर्स और वरिष्ठ नागरिकों के हितों पर सीधा कुठाराघात है, जो किसी भी हालत में स्वीकार एवं मान्य नहीं होगा। यह संविधान की मूल भावना एवं अनुच्छेद 14 और सर्वोच्च न्यायालय के 17 दिसम्बर 1982 के डी.एस. नकारा केस के फैसले का उल्लंघन भी है। भविष्य में उक्त नियम सभी केन्द्रीय/ राज्य कर्मचारी/ पेन्शनर्स पर लागू होंगे। उत्तर प्रदेश के सभी पेंशनर्स 25 मार्च 2025 को लोक सभा में पारित किए गए। उक्त निर्णय विधेयक कर्मचारी/ पेंशनर्स विरोधी है।

सभी पेंशनर्स एवं कर्मचारी उसकी भर्त्सना एवं निंदा करते है और मांग करते है कि कर्मचारी/ पेंशनर्स के उक्त निर्णय पर पुनः सकारात्मक विचारोपरांत पेंशनर्स के हितार्थ विचार कर उच्च न्यायालय के उपरोक्त एवं अन्य पारित निर्णयों पर सहानुभूति विचार पर पेंशनर्स के हितार्थ एवं उनका संज्ञान लेकर संशोधित निर्णय आदेश किया जाए। अन्यथा की स्थिति में एक माई 2025 से सभी पेंशनर्स और कर्मचारियों को शासन के विरूद्ध आंदोलनात्मक कार्यवाही करने को विवश होना पड़ेगा।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**शेरकोट।** ग्राम भूतपुरी निवासी चंकी राजपूत पुत्र योगेंद्र सोमवार की शाम धामपुर से बाइक से अपने गांव जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह चुंगी नम्बर 5 के निकट पहुँचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार्दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तथा शव पोस्टमार्टम को भेजा।

### पृथ्वी दिवस पर पेड़ लगाने का संकल्प



**बिजनौर।** आज विश्व पृथ्वी दिवस पर अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने अपनी टीम के सदस्यों के सहयोग से पेड़ लगाने का संकल्प लिया और हर संभव प्रयास से हर घर में पौधारोपण करने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने की अपील करते हुए बताया कि पौधे को पुत्र की तरह ही जीवित रखने की आवश्यकता होती हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता और जीवन में भी शुद्ध हवा के प्रवाह में कमी नहीं आती है। बैठक में वकील अहमद, अमित वर्मा, सरदार लाभ सिंह, जुबैर, छोटू रावत उपस्थित रहे। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

### डॉ. नवेद आलम बने जिला महासचिव

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने डॉ. नवेद आलम पुत्र मौहम्मद नासिद को जिला बिजनौर का जिला महासचिव मनोनित किया है। नवेद आलम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करने का आश्वान दिया।

### व्यस्तता के चलते सौंपा त्याग पत्र

**नगीना।** कारोबार में व्यस्तता के चलते असलम सिद्दीकी ने उच्चाधिकारियों को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पेशे से टैंट का समान और मैरिज हाल उपलब्ध कराने वाले असलम सिद्दीकी ने कारोबार में व्यस्त होने के कारण संगठन की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए समय निकाल पाने में असमर्थ होने के कारण त्यागपत्र दिया। सिद्दीकी ने अपना इस्तीफा प्रदेश हाईकमान को इंटरनेट के जरिए सौंपा है। हालांकि पार्टी की सदस्यता से इस्तीफे को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं लेकिन सार्वजनिक रूप से उन्होंने अपनी व्यस्तता को लेकर त्यागपत्र देने की बात कही है। असलम सिद्दीकी पूर्व में नगर कांग्रेस कमेटी नगीना के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### खेत में मिला नवजात का शव

**किरतपुर।** मंगलवार की सुबह दस बजे थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान अपने गन्ने के खेत में कार्य कर रहे थे। तभी उन्हें एक स्थान पर पत्ती हिलती हुई दिखाई दी। किसान ने पास जाकर देखा तो पत्ती के नीचे एक नवजात शिशु दिखाई दिया। नवजात शिशु मिलने की खबर सुन ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने पुलिस सेवा 112 को सूचित किया। सेवा 112 ने नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवा दिया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नवजात सुबह का ही जन्मा हुआ है। नवजात शिशु को चाइल्ड केयर यूनिट बिजनौर को दिया गया है, शिशु स्वस्थ है।



### बस ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

**अफजलगढ़।** मंगलवार को देर शाम झाडपुरा निवासी महिपाल पुत्र मुकंदी सिंह व उसकी पत्नी नीरज देवी अपने रिश्तेदार पवन पुत्र प्रवीण निवासी मोहल्ला कुरेशियान थाना शेरकोट बाइक द्वारा दवाई लेने के लिए भूतपुरी जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भज्जावाला के समीप पहुंची तो पीछे से आ रही प्राइवेट बस ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों लोग सड़क पर जागिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों लोगों को 108 की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पवन और महिपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# नगीना में हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर, 95 को दी ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में हज 2025 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया के निर्देश पर एक दिवसीय प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को इस्लामी जदीद बैतुलमाल के सौजन्य से जामा मस्जिद नगीना में आयोजित इस शि. विर में 50 महिलाएं और 45 पुरुष सहित कुल 95 हज यात्रियों ने हिस्सा लिया।





हज ट्रेनर्स ने यात्रियों को हज के अरकान और यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी प्रतिभागियों का टीकाकरण किया। जिला हज ट्रेनर मौहम्मद आसिफ एडवोकेट ने बताया कि यात्रियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो (सफेद बैकग्राउंड), हज कवर स्टेटस और मेडिकल सर्टिफिकेट साथ लाना आवश्यक था।

सीनियर हज ट्रेनर डाक्टर जमील अहमद खान ने कहा कि शिविर में यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला हज ट्रेनर इंजीनियर फहद अली खान ने बताया कि जिला बिजनौर से इस वर्ष कुल 572 हाजी हज यात्रा पर जाएंगे। यह प्रशिक्षण शिविर हज कमेटी ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा के लिए तैयार करना था। उन्होंने बताया कि दूसरे शहरों में कारोबार करने वाले कुछ हज यात्रियों ने अपने निकटतम सेंटरों पर प्रशिक्षण लेकर वहीं टीका लगवा लिया है।

इस कैंप में पूरे जिले से कुल 95 हाजी और हज्जन आए। इससे पहले जनपद में दो कैंप और आयोजित किए गए थे। जिनमें रविवार को एक कैंप बिजनौर में तथा सोमवार को एक कैंप नजीबाबाद में आयोजित किया गया था। इस प्रकार पूरे जिले में अब तक कुल 550 हाजियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण हो गया है। मुफ्ती अबरार ने बताया कि उनके द्वारा हाजियों को जामा मस्जिद में 19 अप्रैल से प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कैम्प के आयोजन में परवेज पाशी का बड़ा योगदान रहा है। ज्ञात हो कि इस कैंप को शुरू करवाने के लिए परवेज अहमद उर्फ पाशी, क्षेत्रीय सांसद चंद्रशेखर आजाद के पत्र को लेकर हज कमेटी के सचिव से भी मिले थे। कैंप में आयोजकों द्वारा हाजियों के लिए निःशुल्क भोजन व जलपान की व्यवस्था भी की गई। प्रशिक्षण की समाप्ति पर मुफ्ती ओवैस अकरम ने दुआ कराई। सीएमओ के निर्देश पर डॉ. शाकिर अली व उनकी टीम के डाक्टर गोपाल गुप्ता, अमित खेड़ा, श्रीमती कुसुम शर्मा, रीता रानी, जया वर्मा, उमा देवी, कॉर्डिनेटर इरफान अहमद आदि के नेतृत्व में टीकाकरण सफलतापूर्वक कराया गया।

इस मौके पर मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती फहीम अहमद, मुफ्ती अबरार अहमद, फहीम अनवर, परवेज पाशी, डॉ. मुजम्मिल अजीम, अनवर महमूद, तंजील आलम, सय्यद उस्मान जैदी, तनवीर अख्तर, हाफिज रफीक अहमद, मौहम्मद अनस, डॉ. शेख नगीनवी, मौहम्मद अम्मार, मौहम्मद अहमद सैफी, अहमद अंसारी, मौहम्मद जावेद, परवेज अहमद, मौहम्मद आबिद, मौहम्मद अदनान, मुफ्ती अब्दुल बाकी, तारिक अंसारी आदि लोग हाजियों की मदद के लिए कैंप में उपस्थित रहे।

# गोल्डन बैल्स स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता

## धरती बचाओ जीवन को खुशहाल बनाओ : शेखर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर अनेक स्लोगन लिखें जैसे धरती का आवरण बचाएं, आओ पर्यावरण स्वच्छ बनाए, हरे-भरे पौधों को लगाकर, पृथ्वी को दुल्हन सा सजाएं। पोस्टर के माध्यम से धरती को बचाने के उपाय बताए।



स्कूल के निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह ने बताया कि वर्तमान में कई चीजें हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। पर्यावरण को सबसे ज्यादा प्रदूषण, प्लास्टिक का उपयोग और पेड़ों की कटाई से हो रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह दिन हमें यह याद दिलाने के लिए है कि हमें अपनी धरती को बचाना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना चाहिए। प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने कहा कि हम छोटे छोटे कदमों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इसलिए हमें पेड़ लगाना, पानी और बिजली की बचत करना और प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करना। यह कदम हमें एक नए भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

इस अवसर पर शिवम ठाकुर, लवीना, शिवांगी चौधरी, पूनम रस्तौगी, सीमा, निगारिश जमाल, छवि सहित समस्तशिक्षक मौजूद रहे।



बिजनौर के बसपा जिला अध्यक्ष पद पर पार्टी को समर्पित व निष्ठावान

दिलीप कुमार उर्फ पिंटू

की नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं का हार्दिक आभार / शुभकामनाएं

समस्त कार्यकर्ता बहुजन समाज पार्टी, जनपद-बिजनौर

## खोया-पाया सूचना

मैं एक रिहायशी प्लॉट स्थित मौ. जाब्तागंज प्रथम, कस्बा व परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, जिसका क्षेत्रफल-55.76 वर्ग मीटर सीमांकित पूरब में प्लॉट मौ. नासिर, पश्चिम में प्लॉट महीपाल, उत्तर में रास्ता 30 फिट चौड़ा, दक्षिण में मकान अन्य का बजरिये बैनामा बही सं.-1 जिल्द सं.-3727 सफात सं.-126 से 136 क्रमांक- 6044 दिनांकित- 10.06.2008 का बजरिये बैनामा मालिक काबिज हूं। मेरे उपरोक्त बैनामे की मूल प्रति कहीं खो गई है जो कि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली है। यदि कोई व्यक्ति विशेष उक्त बैनामे के संबंध में कोई खरीद फरोख्त या उक्त बैनामे का कोई दुरुपयोग करता है, तो वह मेरे इस शपथपत्र की रोशनी में शून्य समझी जाएगी।

**-अबुल हसन पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी मौहल्ला जाब्तागंज, कस्बा व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

## सूचना

इस नोटिस के आधार पर आम जनता और सुगम्या फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि नगीना शाखा 01 मई, 2025 से बंद/विलय हो जायेगी और सभी संबंधित खाते एवं सेवाएं अब हमारी धामपुर शाखा द्वारा प्रबंधित की जायेंगी, जो इस पते पर स्थित है। **-फूल बाग कॉलोनी, गली नं. 2, मिल रोड धामपुर, किसी भी सहायता या प्रश्नों के लिये कृपया अपने शाखा प्रबंधक से सम्पर्क करें। हम आपके विश्वास और सहयोग के लिए धन्यवाद देते है।**

**सम्पर्क सूत्र :- 9870862567**
**8909957019**

# शादी का झांसा देकर विधवा से 8 वर्षों तक किया बलात्कार

## महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज, आरोपी को भेजा जेल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शादी का झांसा देकर एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा विधवा महिला के साथ लंबे समय तक यौन शोषण किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के आरोप के अनुसार आरोपी ने 8 वर्षों तक उससे शारीरिक संबंध बनाए और अंत में शादी से इंकार कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जमालपुर आलम निवासी एक महिला विधवा हैं, ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि आरोपी खजान सिंह सैनी, निवासी ग्राम सलेमपुर फैजपुर, थाना हीमपुर दीपा, वर्तमान में मोहल्ला बाड़वान मंदिर के पास, कस्बा धामपुर में रह रहा है। आरोपी की पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है। विधवा ने आरोप लगाया है कि दोनों दूर के रिश्तेदार हैं और इसी रिश्तेदारी के चलते उनकी आपस में जान-पहचान हो गई। खजान सिंह महिला के घर आने-जाने लगा और धीरे-धीरे प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर लगभग 8 वर्षों से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जनवरी 2023 से अप्रैल 2025 तक वह महिला को अपने मकान में रखे रहा और यौन शोषण करता रहा।

महिला के अनुसार 9 अप्रैल 2025 की रात खजान सिंह ने उसे फिर से शादी का वादा कर अपने घर बुलाया लेकिन वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इंकार कर उसे धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया। इस दौरान कई मोहल्लेवासियों ने महिला को घर से निकलते देखा। पीड़िता की तहरीर पर थाना धामपुर में आरोपी खजान सिंह सैनी के विरुद्ध बलात्कार की धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह ने बताया कि आरोपी को शिकायत के बाद हिरासत में ले लिया गया है तथा जेल भेजा जा रह है।

# ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान



## भाकियू ने की मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक के अंतर्गत ओलावृष्टि से किसानों की फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए कृषि विभाग ने पांच सदस्य की टीम को लगाया है। उधर भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग की है।

गौरतलब हैं कि सोमवार की सायं को ओलावृष्टि होने से नहटौर ब्लॉक के ग्राम बालापुर, अखेड़ा, नन्हेड़ा, रामपुर, रजानगर, चाकरपुर, पाडली मांडू, शपपो शिकोहपुर, अलीनगर, पलानी, उमरी, भवानीपुर, तरकौला, बसेड़ा, दबथला में किसानों की फसलें चौपट हो गई। किसानों की खड़ी गेहूं की फसल चारे की फसल गन्ने की फसल भी प्रभावित हुई है। उधर आम की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई। कृषि विभाग ने फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए पांच सदस्य टीम को लगाया है। टीम ग्राम-ग्राम जाकर किसानों की फसलों को देखकर आंकलन करने में लगी हुई है। उधर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों के हुए नुकसान को लेकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।एडीओ कृषि अनमोल तोमर ने बताया कि गांव-गांव जाकर फसलों के नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। जल्दी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# इको क्लब के सदस्यों ने कंपोजिट विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया

## ईओ नवनीत कुमार ने छात्रों को वृक्षों का महत्व बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कंपोजिट विद्यालय नहटौर के तत्वावधान में इको क्लब के सदस्यों तथा छात्रों द्वारा पृथ्वी दिवस के मौके पर नगर पालिका में वृक्षों के गुणों से संबंधित क्यूआर कोड पेपर लगाए। ईओ नवनीत कुमार सिंह ने छात्रों को वृक्षों के महत्व की जानकारी दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार कंपोजिट विद्यालय नहटौर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। अध्यापकों की सहायता से वृक्षों से संबंधित क्यूआर कोड जनरेट किए। जिनके द्वारा पेड़ों की समस्त जानकारियां जैसे पेड़ का नाम, फल देता है या नहीं। पेड़ का वैज्ञानिक नाम वृक्ष के औषधीय गुण एवं अन्य जानकारी पर आधारित क्यूं आर कोड जनरेट किए तथा उसके पश्चात यह क्यूआर कोड बीआरसी केंद्र नहटौर कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर व थाना नहटौर जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगे वृक्षों पर लगाए गए। जिन्हें स्कैन करके लोग पेड़ों की जानकारी क्यू आर कोड के माध्यम से प्राप्त कर सकें तथा पेड़ों का महत्व लोगों को पता चल सके और जन मानस इस टेक्नोलॉजी का लाभ उठा सके। पालिका में ईओ नवनीत कुमार सिंह ने छात्रों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संरक्षित करते है।

इस अवसर पर समाज में पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय के छात्रों शगुन, तशु शर्मा, लबीबा नाज, अरीबा, अलिश्मा, इल्मा, लक्ष्य, अफ्फान सिदरा, अकसा आदि छात्रों को सर्टिफिकेट तथा पुरस्कार देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया गया प्रभारी निरीक्षक थाना नहटौर ने बच्चों को जूस एवं चॉकलेट देकर उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक मौहम्मद शफी व सहायक अध्यापक अंकित कुमार के नेतृत्व में इको क्लब के सदस्य द्वारा यह कार्य किया गया।

# छात्राओं ने पोषण पखवाडा रैली निकाल कर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में छात्राओं ने कालेज से रैली निकाल कर सुभाष चौक होते हुए वापस कॉलेज में आकर संपन्न हुई। रैली में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक कि छात्राओं ने भाग लिया। छात्राएं हाथों में नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी और नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक करते हुए चल रही थी, जिसमें अच्छा खाएंगे शरीर को स्वस्थ बनाएंगे। दूसरा नारा था अच्छा खाना सेहत का खजाना यह नारे लगाते हुए छात्राएं चल रही थी। छात्राओं में सुहाना, भावना देव, प्रिया कौशिक, अंजलि, तनु, नैना, मंशा, आदित्य तख्तियां लिए हुए चल रही थी और नारे लगा रही थी। शिक्षिकाओं में प्रधानाचार्य रेखा देवी श्रीमती मंजू, विनोद शर्मा, अनीता रानी, अंजलि, प्रभुता आदि शामिल रही। रैली कॉलेज से शुरू होकर सुभाष चौक होते हुए वापस कॉलेज पर आकर संपन्न हुई।

# विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सम्बद्ध और प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक बेसिक को पत्र लिखकर प्रदेश स्तर के विद्यालयों का समय परिवर्तन की मांग की है। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बेव हीट के चलने के कारण बच्चों को भीषण गर्मी तथा लू लगने से बचाव के उपाय के साथ ही विद्यालयों के समय परिवर्तन के भी सुझाव दिए है, जिनके आधार पर शिक्षा निदेशक ने सभी बीएसए को आवश्यकता अनुसार विद्यालय के समय परिवर्तन के निर्देश दिए है। परन्तु जनपद बिजनौर सहित अधिकांश जनपदों ने समय परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने प्रदेश स्तर से विद्यालयों का समय परिवर्तन की मांग की है तथा बीएसए से भी शीघ्र ही समय परिवर्तन की मांग की है।

# विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी अलंकरण समारोह

## प्रियंका मॉडर्न स्कूल में यथार्थ राणा हेड बॉय और आरजू तोमर हेड गर्ल चुने गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में चालीसवाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही सत्र 2025-26 में चयनित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का अंलकरण समारोह भी हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने सक्रियता के साथ भागीदारी की। इस दौरान यथार्थ राणा, हेड बॉय और आरजू तोमर को हेड गर्ल चुना गया।

विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह में विभिन्न कक्षाओं से चयनित विद्यार्थियों के नामों की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस क्रम में कक्षा 12 के यथार्थ राणा, हेड बॉय और आरजू तोमर को हेड गर्ल का बैच स्कूल प्रशासिका अदिती सिंह और प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा पहनाया गया। अन्य पदाधिकारियों के नाम हैं- परिक्षित चौहान (स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय), अनिशका सिंह (स्पोर्ट्स कैप्टन-गर्ल), विराट (कल्चरल कैप्टन बॉय), अंशिका (कल्चरल कैप्टन गर्ल), अक्षित विश्नोई, (डिसीप्लीन कैप्टन बॉय), आरूषि सिंह (डिसीप्लीन कैप्टन-गर्ल), इशान (अशोका हाउस कैप्टन बॉय), अलिना (अशोका हाउस कैप्टन-गर्ल), जतिन कुमार (महाराणा प्रताप हाउस कैप्टन बॉय), दीपिका सैनी (महाराणा प्रताप हाउस कैप्टन-गर्ल), प्रिंस कुमार (शिवाजी हाउस कैप्टन बॉय), लीजा शमसी (शिवाजी हाउस कैप्टन-गर्ल), प्रीत टटरान (विक्रमादित्य हाउस कैप्टन-बॉय)।

सभी पदाधिकारियों के अंलकरण और शपथ समारोह के बाद स्कूल प्रशासिका अदिती सिंह ने चयनित पदाधिकारियों को नेतृत्व क्षमता के साथ सार्थक कार्य करने की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता का भी जिक्र प्रशासिका ने किया। प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने अपने उद्बोधन में सभी चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम, निष्ठा और लक्ष्य प्राप्ति तक प्रयास करते रहना, कुशल नेतृत्व के लिए बहुत आवश्यक है।

कार्यक्रम संयोजन रीता राणा के नेतृत्व में हुआ। राजीव चौहान, तबरेज खान, मयंक कौशिक, एसके देवरा, डीपी सिंह, विवेक चौहान, शुभम अग्रवाल, लवकुश राजपूत, मोहित चौहान, नवनीत, दिवाकर, सरिता, अनिल शर्मा और सतनाम आदि का विशेष योगदान रहा।

# आरएसएम में कार्यशाला के दूसरे दिन संगोष्ठी

## आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा आरएसएम महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन नीरा गोयल द्वारा आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत किशोरावस्था एक तूफान की उम्र में होने वाली समस्याओं पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

डॉ. अलका राय द्वारा आवेश और क्रोध पर कैसे संयम किया जाए तथा अपने जीवन के अनेकों सुन्दर उदाहरण द्वारा सभी विद्यार्थियों के जीवन को सरल एवं सुन्दर बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विनय दुआ द्वारा आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विभिन्न एप्लिकेशन द्वारा मोबाईल फोन पर साइबर क्राइम और फ्रॉड से बचने के लिए तरीकों को बताया। डॉ. भावना वत्सल द्वारा महत्वपूर्ण विषय लिंग संवेदनशीलता पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने जन्म से मृत्यु तक समाज में कुरीति के आधार पर लड़का तथा लड़की की परवरिश, विचार तथा अनेकों व्यवहार में होने वाली संवेदी कारण पर विचार किए गए। डॉ. सुमेधा चौहान द्वारा सभी विद्यार्थियों को रिफ्रेश में वितरित किया गया और कहा गया कि पोषाहार द्वारा ही सही मस्तिष्क का भी विकास किया जा सकता है। श्रीमती पामिल अग्रवाल द्वारा जीवन में शिखर पर पहुँचने के बाद भी अपने जीवन को साफ सरल बनाए रखने के लिए कहा। डॉ. भारती चौहान, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. आकाश कुमार, डॉ. अनुपम विश्नोई माला देवी, सुनीता नंदा आदि शिक्षक ही उपस्थित रहे। कशिश, रितिका जानवी राठी, धरती सिंह राणा, विशाल कुमार, यमन कुमार, मुहम्मद अजमल आदि ने गोष्ठी में विभिन्न विचारों द्वारा अपने जीवन को लाभान्वित हुए। नीरा गोयल द्वारा उपरोक्त विषय पर कुछ प्रश्न प्रतियोगिता की गई, जिसमें कशिश, विशाल, करिस्मा ने पुरस्कार जीते। इन सभी को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित बाइक फिसलने से युवक घायल

**नहटौर।** झालू मार्ग पर एक बैंकट हॉल के सामने बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने के दौरान बाइक सवार घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

थाना कोतवाली शहर के गांव गोपालपुर निवासी सतवीर पुत्र वीर सिंह एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सोमवार की रात को करीब 11:00 बजे नहटौर झालू मार्ग पर स्थित एक बैंकट हॉल के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह घायल हो गया। एंबुलेंस के जरिए घायल को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उसके परिवार वालों को सूचना दी।

# श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से मिलता है मोक्ष: नरेंद्रानंद महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक स्वामी श्री नरेंद्रा नंद महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से अच्छे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है और जब मनुष्य अच्छा सत्संग करता है और अच्छे कर्म करता है तो उसको मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मौहल्ला क्षत्रिय नगर स्थित धर्मशाला शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन जनकल्याणाथ हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. बीना चौहान, आदित्य सिंह, चित्रा देवी रहे। कथा में जयवीर सिंह सिसोदिया, कुलदीप चौहान, दीपेश राजपूत, डॉ. विनीत देवरा, पूनम देवरा, सौरभ राजपूत, यश चौहान, भोपाल सिंह, मास्टर शिशुपाल सिंह, कल्याण सिंह, कुमार रमाकांत, पूनम सिसोदिया, मीनू सिसोदिया, ममता राजपूत, अर्चना देवी आदि शामिल रहे।

# दीया-बाती एवं गोबर दीपक निर्माण यूनिट का उद्घाटन



## ओम स्वयं सहायता समूह का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लॉक धामपुर की ग्राम पंचायत पीपलसाना में ओम स्वयं सहायता समूह द्वारा दीया-बाती और गोबर से बने दीपक तैयार करने की एक यूनिट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने फीता काट कर यूनिट का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) दीनदयाल, सहायक विकास अधिकारी विनीता चौहान, समूह सखी आशा देवी, समूह की कोषाध्यक्ष पिंकी रानी, संगीता देवी, ज्योति देवी, दीपा रानी सहित समूह की सभी महिलाएं उपस्थित रहीं। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चौहान ने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के उद्यम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

यह यूनिट न सिर्फ पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देगी बल्कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम के अंत में समूह की महिलाओं ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और भविष्य में अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की योजना साझा की।

# कृष्णा में जैव विविधता पार्क का शुभारंभ

## 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' की थीम पर इंटरनेशनल अर्थ-डे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ साइंस में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने और पृथ्वी को बचाने की दिशा में प्रेरित करने हेतु अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, डा. सीमा शर्मा ने पौधारोपण कर जैव विविधता पार्क का शुभारम्भ किया गया, जो कालेज परिसर में पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल है।

इस पार्क का मुख्य उद्देश्य कालेज परिसर में जैव विविधता का संरक्षण और संवर्धन करना है। यहाँ विभिन्न प्रकार के वृक्ष, औषधीय पौधे, मौसमी फूल, फलों के पौधे, जलजीवों एवं पक्षियों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया गया है। यह पार्क न केवल पौधों और जानवरों की विविधता को बढ़ावा देता है, बल्कि छात्रों के लिए पर्यावरणीय शिक्षा का एक व्यावहारिक केंद्र भी है। पार्क में अनेक प्रकार के औषधीय पौधे जैसे अश्वगंधा, गिलोय, नीम, करी पत्ता, एलोवेरा, कपूर, हल्दी, अदरक, इलायची, आंवला, अर्जुन, काली मिर्च आदि लगाए गए हैं। साथ ही, पार्क में अंगूर, आलू बुखारा, सेब, नाशपाती, अमरूद, आम, चीकू, बादाम जैसे फलों के वृक्ष भी लगाए गए हैं जो विभिन्न पक्षियों, सरीसृपों, उभयचरों तथा मोलस्क जैसे जीवों को आकर्षित करेंगे।

कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने बताया पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक छोटा सा तालाब भी बनाया गया है, जिसमें कमल के फूल, विभिन्न प्रकार की मछलियाँ और जल से जुड़े सूक्ष्म जीवों का निवास सुनिश्चित किया गया है। इससे छात्रों को जल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त होगा।

पार्क में पक्षियों के लिए घोंसले, कीटों के लिए इनसेक्ट होटल्स, तितलियों के लिए बटरलाई गार्डन और सरीसृपों के लिए विशेष आश्रय स्थल भी बनाए गए हैं। यह समग्र वातावरण जैव विविधता के विभिन्न घटकों को सहयोग और संरक्षण देने का कार्य करेगा। प्राचार्य डा. सीमा शर्मा ने बताया कि जैव विविधता पार्क विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। यहाँ वे विभिन्न पौधों, जीव-जंतुओं, सूक्ष्मजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह पार्क विशेष रूप से स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के लिए वैज्ञानिक अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा। कालेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि यह पार्क छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को जागृत करेगा। जैव विविधता पार्क न केवल शैक्षणिक उद्देश्य पूरा करता है, बल्कि यह छात्रों को पर्यावरणीय जिम्मेदारियों की ओर अग्रसर करता है। पार्क में छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ जैसे प्रकृति भ्रमण, पौधारोपण, पक्षी अवलोकन, फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों को प्रकृति से जुड़ने और सामूहिक सहभागिता का अवसर मिलेगा। जैव विविधता पार्क कृष्णा कालेज की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। यह न केवल शिक्षा और संरक्षण का केंद्र है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को प्रकृति के महत्व से परिचित कराने का एक सार्थक प्रयास भी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह, डा. पूनम गुप्ता, डा. पायल राठी, सहायक प्रवक्ता अदीबा शारीक, सलोनी चौधरी, दीक्षा, सौम्या का विशेष योगदान रहा।

# आरके इंटरनेशनल में अर्थ-डे पर प्रतियोगिताएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में अर्थ डे के उपलक्ष में एक क्रियात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी कक्षा से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग क्रियात्मक गति. विधियां कराई गई और सीनियर विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई, जिसकी थीम थी ग्रीन अर्थ।

## पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ लगाने का आह्वान

सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अधिकांश बच्चे हरे रंग के कपड़े पहन कर आए जो हमारी समृद्धि का प्रतीक है। अर्थ डे पर सभी चीज हरियाली से संबंधित थी, जो हमें प्रकृति की देन है। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने सभी को संदेश दिया कि हमें हमारी प्रकृति को बचाना चाहिए। यही हमारी असली धरोहर है। स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थ डे इसलिए मानते हैं की प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। इसे हमें संभालना चाहिए क्योंकि यदि हमारा पर्यावरण स्वच्छ होगा तो हमारा जीवन भी स्वस्थ होगा। सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है। पृथ्वी को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। इस गतिविधि में प्रथम स्थान पर गांधी हाउस, द्वितीय स्थान पर टैगोर हाउस और तृतीय स्थान पर नेहरू हाउस रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का पूर्ण सहयोग रहा।

# दो सगे भाई बना रहे थे सिंथेटिक दूध

## खाद्य सुरक्षा औषधी प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से की छापामार कार्रवाई, दूसरे जनपदों में भी भेजा जाता था दूध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना पुलिस ने सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में कैमिकल युक्त पाउडर तथा रिफाइंड तेल और दूधबनाने की मशीन तथा अन्य संबंधित उपकरण बरामद किए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापा मारा तो आरोपी मौके से फरार हो गए। साथ में फूड इंस्पेक्टर व बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। नकली दूध बनाने का कार्य पिछले कई वर्षों से किया जा रहा था। पुलिस की छापेमारी के दौरान गांव में हड़कंप मच गया। जहां पुलिस कार्यवाही में लगी हुई है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के करछली गांव में बीते कई वर्षों से सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। जिसके बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। मंगलवार को कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ सूचना पर मौके पर पहुंचे। जहां खाद्य निरीक्षक भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छापेमारी के दौरान गांव में हड़कंप मच गया। गांव निवासी धर्मवीर व छोटे उर्फ जगवीर पुत्र नेत्रपाल , दोनों भाई नकली दूध बनाने की फैक्ट्री चलाते थे। जो मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दूध बनाने की मशीन, एक दूध का टैंकर जिसमें लगभग 5 हजार लीटर दूध भरा हुआ बरामद किया है। इसके अलावा एक पिकअप भरी बर्फ की सिल्ली, भारी मात्रा में रिफाइंड ऑयल, केमिकल युक्त सफेद पाउडर, सर्फ पाउडर, एसएनएफ तथा फैट चेक करने की मशीन के साथ अन्य संबंधित उपकरण भी मौके पर बरामद हुए हैं। खाद्य निरीक्षक सुधीर कुमार और रंजीत सिंह ने भी टीम के साथ नमूने लिए। दूध तैयार करने के बाद एसएनएफ व फैट चेक भी किए जाते थे। जिसकी मशीन भी मौके से बरामद हुई है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापेमारी की गई है,भारी मात्रा में उपकरण भी बरामद हुए हैं, आरोपी मौके से फरार हो गए थे,जांच की जा रही है उसी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।



सम्भल- ग्राम करछली में सिंथेटिक दूध फैक्ट्री में मारे गए छापे में दूध बनाने को मिलाए मिश्रण देखते।

# अवैध प्लाटिंग करी गरजी जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** बिना लेआउट पास कराये कॉलोनी में काटे गए प्लाटों को बुल्डोजर से ढहा दिया गया। उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मल्ली सराय स्थित खेती की ज़मीन पर काटे गए प्लाटों को बुल्डोजर से ध्वस्त करा दिया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवेध रूप से बनायी गई कालोनी में काटे गए प्लाटों के लेकर कोईै ले आउट पास नहीं कराया गया था। इस दौरान कालोनाइजर भाग गए।

# वर्षों से होता था कारोबार गजरौला होती थी सप्लाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र करछली गांव में सिंथेटिक दूध बनाने का कारोबार बर्षो से चल रहा था। लेकिन किसी को कोई जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों को इसके बारे में जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की थी। नकली दूध तैयार कर अन्य जनपद में सप्लाई किया जाता था। गांव निवासी दोनों भाई धर्मवीर और छोटे उर्फ जगवीर इस कार्य को करते थे। सूचना पर मंगलवार को थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की तो हड़कंप मच गया मौके पर खाद निरीक्षक और बिजली विभाग की टीम भी पहुंच गई। आखिर सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री में कितनी बिजली खर्च हो रही थी, इसकी जांच के लिए थाना प्रभारी ने बिजली विभाग को भी सूचना दी तो मौके पर बिजली विभाग की टीम भी पहुंच गई।

# चोरी की बिजली से चल रही थीं मशीनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** बिजली चोरी रोकने और बिजली चोरी करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए दिन हो रात अर्थात अर्द्धरात्रि और सुबह सवेरे बिजली विभाग की छापामार कार्रवाई जग ज़ाहिर है,लेकिन नकली दूध बनाने की फक्ट्री में बिजली चोरी होती रही मगर किसी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम करछली मे नकली दूध बनाने के के लिए लगी मशीनों का संचालन बिजली से किया जा रहा था। बिजली का उपयोग चोरी से किया जा रहा था। बिजली विभाग को लाखों के राजस्व की हानि पहुंचायी जाती रही,मगनर बिजिलेंस विभाग हो या फिर बिजली विभाग के जेई एसडीओ और अन्य बड़े अधिकारी नकली दूध बनाने के लिए चोरी से प्रयोग की जा रही बिजली को लेकर कोई कार्रवाई अथवा छापेमारी क्यों नहीं हो सकी।



सम्भल- सिंथेटिक दूध से तैयार खड़ा टैंकर।



सम्भल- सामान छिपाने को सुरंग जैसी दीवार में रखा गया सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री।

# सामान छिपाने को बनी थी सुरंग जैसी दीवार

**याह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापामारी के दौरान पुलिस ने देखा तो सामान छुपाने के लिए एक पतली दीवार सुरंग जैसी बनी हुई थी। जिसमें बहुत ही पतला रास्ता था। जिससे कि सामान किसी को दिखाई न दे, लेकिन पुलिस की नज़र से बच नहीं सकी। पुलिस ने सामान को भी बरामद कर लिया

# पुलिस की सक्रियता से हुआ नकली दूध के कारोबार का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और मिलावटी खाद्यय पदार्थ की रोक को बना खाद्या सुरक्षा विभाग सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्र को लेकर मूक दर्शक बना रहा,लेकिन पुलिस की सक्रियता से नकली दूध के कारोबार का भंडाफोड़ हो सका।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की अब तक मूक दर्शता बनी रहने से खड़े किए कई सवाल**

कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम करछली में सिंथेटिक दूध बनाने का कारोबार बड़े पैमाने पर कई वर्षों से किया जा रहा था। जिले भर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने और नकली सामान बनाकर जन स्वास्थ्य के साथ खेलने वालों को रोकने के लिए बना विभाग को इस सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री का कैसे पता नहीं चल सका अपने आप में एक आश्चर्य जनक प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता ने चार दिन पूर्व चोरी के वाहन काटे जाने की स्क्रेप पैक्ट्री का भंडफोड़ करने के बाद इस बार नकली सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री भंडाफोड़ कर न केवल जन मानस के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोका है बल्कि नकली दूध बनाकर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने वालों में भी हड़कम्प मचा दिया है।हालांकि पुलिस की सक्रियता के बाद सिंथेटिक दूध बनाने की फैक्ट्री का मामला उजागर होते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां पहुंचकर अपनी कार्यवाही शुरू कर दी,लेकिन इसी के साथ एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को इसका पता अब तक क्यों और कैसे पता नहीं चल पाय? इस बाबत खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं हैं। आखिर क्या कारण थे जो खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दूध के नाम पर जहर बचने वाली फैक्ट्री पर कोई छापमारी नहीं की जबकि पुलिस के छापमार कार्यवाही का पता लगते ही विभाग के अधिकारी बिना देर गंवाय मौके पर पहुंच गए। बहरहाल वर्षों से संचालित नकली दूध बनाने की फैक्ट्री को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की भूमिका क्या रही इसकी भी जाँच होना ज़रूरी है।

# पुलिस पर प्रार्थना पत्र बदलकर मुकदमा दर्ज करने का आरोप

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धनारी थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी बिचौला निवासी ग्रामीण ने पुलिस महानिदेशक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि बीते माह उसकी नाबालिग पुत्री को दूसरे समुदाय का थाना रजपुरा के ग्राम भीकमपुर निवासी आकाश नामक युवक बहला फुसलाकर कर ले गया था। पुलिस ने प्रार्थना पत्र बदलकर मुकदमा दर्ज किया।

# आर्गेनिक खेती को दिया जाये बढ़ावा

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** कृषि विभाग की जनपद स्तरीय परियोजना प्रबंध इकाई की समीक्षा बैठक में एएफपीओ बढ़ाने पर चर्चा की और प्रत्येक ग्राम में इसका गठन कर प्रचार-प्रसार करने पर ज़ोर दिया गया।

कलैक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव ने शुगर बीट्स प्रजाति की जानकारी दी। जबकि इसके बोने का समय तथा इसके कटाई के समय को भी बताया। बैठक में गन्ना मे पायरिला रोग को लेकर जानकारी देकर एफ पी ओ को कैसे आगे बढाया जाए उस पर भी चर्चा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में एफपीओ का गठन किया जाए। इसका प्रचार प्रसार किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम की सड़कों पर कोई घूरा ना डाले इसको सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि क्रॉप

**0कृषि विभाग की जिला स्तरीय परियोजना कृषि बैठक में की गयी चर्चा**

पैटर्न चेंज करने का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गाँव के लोग कृषि, पशुपालन तथा उद्यान को अपना कर आर्थिक रूप से सम्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेटस (श्री अन्न) पर भी चर्चा की। मिक्स आटा का प्लांट लगाने के लिए एफपीओ को प्रोत्साहित किया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में श्री अन्न को प्रोत्साहित करें एफपीओ तथा पैदावार ऐसी हो जो स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी हो। एफपीओ में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ा जाए। मिलेटस मोबाइल आउटलेट तथा मिलेटस स्टोर की स्थापना पर भी चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा तथा जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रामेश्वर यादव जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं एफपीओ के सदस्य उपस्थित रहे।



सम्भल- खंड विकास परिसर में धरने पर किसानों की समस्यायें सुनती एसडीएम वंदना मिश्रा।

# इस्लाम नगर चौराहे से पुलिस चैक पोस्ट हटाने पर बैठक में की चर्चा

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के अन्तर्गत सैनिक बंधु की बैठक में सैनिक कार्यालय को शिफ्ट करने और एनओसी को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में कलैक्टेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर संदीप कुमार चडढा द्वारा पूर्व में हुई बैठक के कार्यवृत्त पर क्या कार्यवाही हुई उसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा कृषि से संबंधित योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सैनिक बंधुओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए तथा उसमें कृषि उपनिदेशक को भी जोड़ा जाए ताकि कृषि से संबंधित योजनाओं के विषय में सैनिक बंधुओं को शीघ्र जानकारी प्राप्त हो सके। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान करते हुए उनके कार्यों को प्राथमिकता पर रखा जा रहा है। बैठक के अन्तर्गत जिला सैनिक कार्यालय को शिफ्ट करने वाले बिन्दु पर चर्चा की गयी तथा अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को स्थायी कार्यालय के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने 30 अप्रैल तक लक्ष्य बनाने के भी निर्देश दिए। शस्त्र लाइसेंस की एन ओ सी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में शहीद स्मारक एवं शहीद द्वार को लेकर भी चर्चा की गयी। पूर्व सैनिकों के लिए राशन डीलर का कोटा, तथा इस्लामनगर चौराहे के पास दुकान के आगे पुलिस चौक पोस्ट को हटवाने तथा गौशाला गोद लेने या विद्यालय गोद लेने एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनके नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम जोकि महाराष्ट्र के हिवरे बाजार गाँव तथा रालेगण सिद्धि भ्रमण पर गयी थी जल संरक्षण, चारा संरक्षण एवं कृषि में वहाँ के किसानों द्वारा किये गये बदलाव पर अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर संदीप कुमार चडढा जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, भूतपूर्व सैनिक संगठन जिलाध्यक्ष हरप्रसाद, राजकुमार शर्मा एवं अवधेश कुमार तथा सोमवीर सिंह एवं अन्य सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

**0जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के तहत सैनिक बंधुओं के साथ बैठक**

# उपजिलाधिकारी ने धरने पर पहुंचकर सुनी किसानों की समस्यायें

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस के कार्यकर्ताओं ने किसानो की समस्याओं को लेकर ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा।

**भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में दिया धरना**

धरने में उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा, खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, एपीओ कुलदीप सिंह, एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी,एसडीओ द्वितीय प्रभात भास्कर ,आपूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार, एनसीसी से विपिन कुमार, भानु प्रताप, सुनील कुमार आदि अधिकारियों के पहुंचने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

इससे पूर्व जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए सरकार के कार्यों की प्रशंसा की,लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के आरोप लगाए। कहा कि पात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अपात्र लाभ ले रहे हैं। जिससे आम जनमानस की स्थिति दयनीय है। जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि जल मिशन योजना में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए। आधे से ज्यादा घरेलू विद्युत मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। तमाम योजनाओं जैसे आवास योजना रही हो, राशन कार्ड का मामला रहा हो, वृद्धा पेंशन से लेकर विधवा पेंशन तक पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि किसान को रुका हुआ गन्ना मूल्य भुगतान ब्याज सहित अति शीघ्र दिलाया जाए। यूपी प्रथमा ग्रामीण बैंक की 956 शाखाओं द्वारा गोल्ड केसीसी पर लगाए जाने वाले 9 प्रतिशत ब्याज के फैसले को वापस लिया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर विद्युत पोल एवं लाइनों को अति शीघ्र बदलवाया जाए जिससे कि किसान एवं उसकी फसल को दुर्घटना से राहत मिल सके। वहीं सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि केसीसी की लिमिट 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दी गई है लेकिन सभी बैंकों ने ऐसा नहीं किया है इसका लाभ किसानों को बराबर मिलना चाहिए।इस मौके पर शिव नारायण सैनी, अरुण चौधरी, सुभाष चाहल, डा. पुरुषोत्तम सिंह, सरदार गुरु वचन सिंह, अनमोल कुमार, कमल सिंह सैनी गंगा नंद गिरी छत्रपाल यादव, भूरे यादव, कन्हैया प्रजापति, मेहंदी हसन, सर्वेश सैनी, अर्जुन सैनी, शीशराम सिंह, मूलचंद सिंह, हेमंत कुमार प्रजापति, कौशल चौधरी, राजेंद्र सिंह पाल, फरमान अली, आयशा राजपूत , अंजलि सिसोदिया ननिहा देवी, मंजू, नीरू, संजना देवी, प्रदेव देवी, सुमन देवी, अतलेश देवी, कस्तूरी देवी आदि मौजूद रहे।

# कस्बे में स्थायी अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कसबे के भीतरी भाग सम्भल-मुरादाबाद मार्ग पर अचानक जे सी बी की कार्रवाई से हड़कम्प मच गया। विभागीय अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल भी इस मौके पर मौजूद रहा। जिनकी निगरानी में स्थाई अतिक्रमण हटाया गया।

पुलिस चौकी से सम्भल की और जाने वाले मार्ग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विवेक बंसल, अवर अभियंता अली ताव व नायब तहसीलदार व नगर पंचायत कर्मचारी जे सी बी के साथ पहले से ही चिन्हित नोटिस दिए गए। स्थाई अतिक्रमण को हटाने को सक्रिय हुए। बताया जाता है कि न्यायालय के आदेश पर अचानक ही कार्रवाई अमल में लाई गई। अतिक्रमण हटाओ टीम का हल्का विरोध भी किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने मामला सम्भाल लिया। इस मौके पर चौकी प्रभारी बोविन्द्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार व नगर पंचायत लेखा लिपिक रईस अहमद भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**0पुलिस बल रहा मौजूद, पूर्व में दिए गए थे नोटिस**



सिरसी- सिरसी में पूर्व से चिन्हित अतिक्रमण को ढहाती जे सी बी।

# विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया अर्थ दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विद्या कुंज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को अर्थ दिवस मनाया गया।जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल उपस्थित रहे।

विद्यालय में प्रातः कालीन सभा में बच्चों द्वारा एक नाटय प्रस्तुति दी गई। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अर्थ डे के लिए जागरूक करना था। उसके उपरांत वानी, तथा प्रिया ने अर्थडे पर कविता प्रस्तुत की। आज विद्यालय उद्यान में पौधाा रोपण भी किया गया।सभी छात्र-छात्राएं एक-एक पौधा लगाने के लिए अपने साथ लेकर विद्यालय आए। उसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अर्थ डे की उपलक्ष्य में एक शपथ ली कि वह अपने विद्यालय के बच्चों को अर्थ डे के बारे में समझाएंगे। द्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने अर्थ डे के बारे में बच्चों को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी,ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक रजपुरा में कार्यरत मोबाइल हैल्थ टीम का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय मोबाइल हैल्थ टीम पी.एम. श्री प्राथमिक विद्यालय गवाँ नवीन में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक द्वारा मोबाइल हैल्थ टीम की कार्य-प्रणाली का गहनता से निरीक्षण किया। मोबाइल हैल्थ टीम शसन स्तर के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में बैनर लगाकर एवं समस्त सदस्य स्वास्थ्य परीक्षण कार्य कर रहे थे। सीएमओ ने स्वास्थ्य परीक्षण पंजिका का निरीक्षण भी किया। जिसमें समस्त प्रविष्टियाँ उचित प्रकार भरी मिलीं। कार्यस्थल पर कार्य करने एवं लगाये जाने वाले बैनर को कस्टमाइज कर उस पर सभी सदस्यों के नाम देखकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभावित हुए तथा जिला स्वास्थ्य समिति की आगामी बैठक में परस्कृत किये जाने को कहा। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विफ्स कार्यक्रम की समीक्षा हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विफ्स रजिस्टर दिखाया जो कि माह अप्रैल 2025 के तृतीय सोमवार तक अद्यतन था। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में अध्यनरत् छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन के उपरान्त आयरन की गोली खिलायी जाती है।

# सालभर पुरानी रंजिश में आमने-सामने आए दो पक्षों में चले लाठी डंडो में महिला घायल

**सम्भल।** एक साल पहले रास्ता को लेकर विवाद की रंजिश में आमने-सामने आए दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें महिला घायल हो गयी। हयातनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐचोली में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। मारपीट में रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़े को शांत कराया और थाने पर बुलाया। पीड़ित परिवार ने ओम बाला पत्नी बाबू बाबू पुत्र दूलिराम के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार के तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और घायल को जिला अस्पताल में मेडिकल के लिए भर्ती कराया गया हैं।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# रुपयों की खातिर पीट-पीट कर हत्या करने के आरोप में अज्ञात सहित 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कांठ।** युवक को घर बुलाकर पीट-पीट कर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने कुच. ावली गांव के तीन अज्ञात सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है घटना 21 फरवरी की है। कृपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह का कहना था कि उसके भतीजे निखिल कुमार निवासी काजीपुरा एवं यश कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी कुचावली के बीच आपस में लेनदेन था यश ने अपनी जरूरत के हिसाब से निखिल से ५ हजार रुपए उधार लिए थे। लेकिन तकाजा करने पर भी उसने रुपए वापस नहीं किए निखिल के तगादा करने पर यश ने उसे 9:00 बजे सुबह रुपए देने के लिए अपने घर बुला लिया बताया गया कि निखिल के साथ उसका फुफेरा भाई ज्ञानेंद्र पुत्र राकेश निवासी फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा भी कुचावली आ गया जहां पर यश कुमार पुत्र अजीत सिंह अजीत पुत्र सोमपाल सिंह अमित पुत्र सोमपाल सिंह अनिल पुत्र शिव कुमार रितु पत्नी अजीत सिंह हर ज्ञान पुत्र भारत सिंह प्रमोद पुत्र सोनाथ चंचल पत्नी अनिल एवं तीन अज्ञात लोगों ने निखिल को पकड़ लिया और उससे 4 लाख लाकर देने की मांग रख दी निखिल के मना करने पर उक्त लोगों ने उसके हाथ पैर बांधकर लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया और ज्ञानेंद्र को बराबर बैठा दिया। निखिल की हालत बिगड़ी तो अनिल ने शुभम को फोन कर अपने घर आने को कहा, शुभम उनके घर पहुंचा तो निखिल की हालत गंभीर थी शुभम के मारने पीटने का कारण पूछने पर उन्होंने उससे घर वालों को बुलाकर लाने को कहा शुभम अपने घर काजीपुरा आया लेकिन उसके कुछ देर बाद उन लोगों ने ज्ञानेंद्र को छोड़ दिया और शुभम को फोन पर निखिल की हालत खराब होने की बात कही और बताया कि उन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती किया है। लेकिन बाद में बताया गया कि वह मर गया और उनके घर पड़ा है परिवार के लोग निखिल को देखने यश के घर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने तीन अज्ञात सहित 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इस मामले को लेकर आज काजीपुरा गांव के सामने लोगों ने रोड जामकर सख्त कार्रवाई की मांग की बताया गया कि घंटो लगे जाम के बाद अधिकारियों के समझाने पर जाम खोल दिया गया पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया सूत्रों का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने कुछ नामजद को हिरासत में लिया है।



## एक नजर

### चन्दौसी में प्राचीन मंदिर की भूमि से कब्जा हटाने की मांग उठाई

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सनातन महासंघ द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संभल को ज्ञापन देकर चन्दौसी के लक्ष्मणगंज स्थित बांके बिहारी मंदिर की भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले कौशल किशोर वंदेमातरम् ने बताया कि चन्दौसी के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लक्ष्मणगंज में स्थिति क्षतिग्रस्त प्राचीन मंदिर की शिकायत पूर्व 21 दिसंबर 2024 को समाधान दिवस तहसील चन्दौसी में लिखित रुप में की गई थी



जिस पर तहसील प्रशासन को उक्त मंदिर व उसकी भूमि की जांच आख्या को आदेशित किया। वर्तमान में उक्त 14 बीघा जमीन पर अराजक तत्वों में हमसाज होकर भूमाफिया गिरोह द्वारा षडयंत्रपूर्वक अवैध निर्माण करके उक्त भूमि पर प्लाटिंग करने का कुत्सित षडयंत्र रचा जा रहा है। ज्ञापन देकर मांग की गयी कि उक्त प्राचीन मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण की उचित जांच कराकर अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

### विकास नगर में जलभराव से लोग परेशान

**चन्दौसी।** शहर से सटे गांव मौलागढ़ के मौहल्ला विकास नगर में अलीगढ़ रेलवे लाइन के पास राघव भवन के बराबर में कच्ची रास्ता पर पानी का निकास न होने से घरों का पानी गली में ही जमा हो रहा है जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कॉलोनी के लोगों को अपने घरों में आने-जाने के लिए पानी में होकर ही निकलना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में पानी में होकर ही गुजरना पड़ रहा है। पानी में होकर आते-जाते स्कूली बच्चे व बाइक फिसल जाती है। सोमवार को कॉलोनी के लोगों ने एसडीएम चंदौसी को ज्ञापन देकर गली में जल भराव की समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पानी के निकास के लिए नाली न बनी होने के कारण पानी गली में ही जमा रहता है जिससे पैदल व बाइक से निकलने में असुविधा होती है। जलभराव की समस्या के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से भी शिकायत की गई लेकिन अभी तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया है और गंदे पानी में होकर ही निकलने को मजबूर हैं। ज्ञापन देने वालों में दिलीप कुमार, शारदा शर्मा, ऋषि कुमार, एड. शरद कुमार शर्मा, कौशल राघव, विनय कुमार, कमला देवी, लक्ष्मन सिंह आदि शामिल रहे।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर की विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, जल संकट, प्रदूषण आदि बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संरक्षक के.जी. गुप्ता ने कहा कि वार्षिक आयोजन के रूप में पृथ्वी दिवस की स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने १९७० में की थी। मुख्य वक्ता डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य पर्यावरणीय चेतना का विकास और धरातलीय अपभ्रंश का बचाव करना ही रहा है। हरीश कठेरिया एड. ने बताया कि समिति का अधिकाधिक प्रयास पर्यावरण संरक्षण, हरित पट्टी निर्माण तथा जल स्रोतों की रक्षा करना रहता है। समिति की प्रेरणा से डी.के. अग्निहोत्री ने कहा कि वर्ष २०२५ के पृथ्वी दिवस की थीम आवर पावर, आवर अर्थ है जिसका अर्थ क्षय होने वाले अन्य स्त्रोतों को दोबारा इस्तेमाल करने के स्त्रोतों में बदलना है। विपिन बाबू वार्ष्णेय ने कहा कि पृथ्वी को हानिकारक कार्बन उत्सर्जन से बचने के लिए अब यह जरूरी है कि है हम ऊर्जा के अन्य विकल्पों को अपनाएं। मुनीश वार्ष्णेय ने कहा कि जनसंख्या की बेतहाशा वृद्धि और ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन तथा ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्री जलस्तर में लगातार वृद्धि होती जा रही है। डॉ. आशीष यादव ने कहा कि पृथ्वी को गतिमान एवं हरा भरा बनाए रखने के लिए अधिक वृक्षारा. ेपण व उनका संरक्षण, ऊर्जा बचत प्लास्टिक का बहिष्कार जल बचत व प्रदूषण नियंत्रण आवश्यक है। विपिन गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी हमारी जननी है, हमें उसकी रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। डॉ. जयशंकर दुबे ने अपनी काव्यात्मक शैली में पृथ्वी माता का गुणगान किया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जल बचत कार्बन उत्सर्जन से बचाव एवं हरित पट्टी हेतु सभी लोगों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता के.जी. गुप्ता ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया।

# टीएमयू का विश्व पृथ्वी दिवस पर ब्रजघाट में नमामि गंगे कैंपेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के गंगा चौंपियंस क्लब ने गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट में गंगा किनारे सफाई कैंपेन चलाया। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत स्टुडेंट्स ने सफाई के संग-संग न केवल पौधे रोपे, बल्कि गंगा घाट पर दुकानदारों को पौधे भी उपहार स्वरूप भेंट किए। गंगा चौंपियंस क्लब ने नुक्कड़ नाटक के अलावा जल-मृदा की सैंपलिंग भी की। इस अभियान में एग्रीकल्चर कॉलेज के करीब ५० स्टुडेंट्स ने हिस्सा लिया। गंगा चौंपियंस क्लब ने संकल्प दो. हराते हुए कहा, यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि धरती मां को बचाने का हमारा संकल्प है। आज का हर छोटा प्रयास आने वाले कल को सुरक्षित बनाएगा। सफाई कैंपेन गंगा चौंपियंस क्लब के उपाध्यक्ष मुकुन्द सिंह की अगुवाई में चला। पौधारोपण की कमान स्टुडेंट लोचन व्यास ने संभाली, जबकि पौधादान



अभियान रक्षित ज्योति और प्रियांशु की देखरेख में चला। ब्रजघाट पर आम और जामुन के पौधे रोपित किए गए। नुक्कड़ नाटक और अवेयरनेस आनन्द राज के निर्देशन में हुआ। इन छात्रों को कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये छात्र नोडल अधिकारी प्रो. गणेश दत्त भट्ट, प्रो. महेश सिंह, डॉ. ब्रजपाल सिंह राजावत, डॉ. नेहा सिंह आदि के नेतृत्व में गढ़मुक्तेश्वर गए थे। उल्लेखनीय है, केन्द्र सरकार की ओर से संचालित नमामि गंगे प्रोजेक्ट का तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के संग एमओयू साइन है। डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह कहते हैं, नमामि गंगे कैंपेन के प्रति यूनिवर्सिटी बेहद संजीदा है। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स की टीम नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बीते वर्ष भी गढ़मुक्तेश्वर गई थी। गंगा चौंपियंस क्लब में शुभ्रा सिंह, मनी कुमारी, प्रेरणा जैन, आदित्य औलख, हार्दिक जैन, मो. अनस आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# टिमिट मे संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रतिष्ठित संस्थान तीर्थंकर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट), कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) के तत्वाधान में एक भव्य संसद वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीए-आईबी एण्डई, चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को न केवल वाणी कौशल, आलोचनात्मक चिंतन और तार्किक अभिव्यक्ति में दक्ष बनाना था, बल्कि उन्हें भारतीय लोकतंत्र की संरचना और संसद की कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान करना भी था। प्रतियोगिता की संपूर्ण रूपरेखा भारतीय संसद की तर्ज पर तैयार की गई थी, जहाँ विद्यार्थियों ने सरकार और विपक्ष की भूमिकाएँ निभाते हुए शिक्षा नीति, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे अनेक सम-सामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रतियोगियों ने तथ्यों, आंकड़ों और प्रभावशाली शैली में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित श्रोता और निर्णायक मंडल अत्यंत प्रभावित हुए। कार्यक्रम में टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि वाद-विवाद की परंपरा को गंभीरता से अपनाए, तो वह समाज में एक जागरूक, सक्रिय और उत्तरदायी नागरिक के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। उन्होंने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को संचालित करने वाले



शिक्षकों ने विद्यार्थियों की तैयारी, अनुशासन और आत्मविश्वास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है, और यह आयोजन उस दिशा में एक सशक्त कदम रहा। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने भी इस आयोजन को एक प्रेरणादायक अनुभव बताया और भविष्य में ऐसे आयोजनों में भाग लेने की उत्सुकता प्रकट की। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम न केवल शिक्षण का एक अभिनव माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को भी समृद्ध करने वाला सिद्ध हुआ।

# डॉ. अनुज अग्रवाल समाजिक उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सामाजिक, निर्भीक, गैर राजनीतिक संस्था भारत रक्षा सेना ने एम.डी.ए. स्थित साईं मंदिर रोड पर एक रेस्टोरेंट के हॉल में राजकीय इंटर कॉलीज सलेमपुर के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज अग्रवाल को उनको शिक्षा,समा. जिक, धार्मिक, हर दु:ख -सुख मे साथ देने के लिए हार्दिक अभिनन्दन एवं सम्मानित किया गया। सम्मान भारत रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, अर्द्ध मोनी आचार्य धीरशांत दास, स्वतंत्रता सेनानी धवल दीक्षित, आर्य समाज के रमेश सिंह आर्य, समाजसेवी शिक्षिका सरिता यादव ने पगड़ी, पटका, बैज लगाकर हार्दिक अभिनन्दन एवं सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत रक्षा सेना धर्मेंद्र यादव ने बताया डॉ अनुज अग्रवाल को अमृत नागर पुरस्कार द्वारा सम्मानित होने पर उन्होंने महानगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनके समा. जिक, धार्मिक एवं उत्कृष्ट कार्यों की जितनी भी सराहना की जाये वह कम है। वह खुद सोशल फाउंडेशन मुरादाबाद के संयोजक हैं उनके द्वारा किये गए कार्य गरीबों को भोजन वितरण करना कुष्ठ आश्रम, वृद्ध आश्रम आदि स्थानों पर भोजन ,कंबल,अलाव आदि की व्यवस्था करते रहते हैं। हर संस्था का सहयोग करना हिदुत्व के प्रेमी हैं लेकिन सभी धर्मों का सम्मान करते भंडारो मे सहयोग करना उनके बारे इतना ही बहुत है। तुम्हारी बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को दर्शाएगी, तुम्हारी उपलब्धियां ही तुम्हारी असली पहचान बताएंगी। स्वतंत्रता सेनानी धवल दीक्षित ने कहा डॉ.अनुज अग्रवाल उत्सव मे मिले या न मिले आपातकाल मे जरूर मिलते हैं. उनकी देशभक्ति, धार्मिक समा. जिक रैलीयों मे भागेदारी सराहनीय है। अर्द्ध मोनी आचार्य धीरशांत दास ने कहा उनका व्यक्तित्व युवा वर्ग को प्रोत्साहित करता है बुजुर्गो एवं गरीब लोगों की वह चलते फिरते मदद करते हैं। रमेश सिंह आर्य ने कहा शिक्षा,धर्म के कार्यों में बढ़ चढ़ कर भागेदारी करना उनकी उन्नति की पहचान है। कार्यक्रम में भारत रक्षा सेना प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, आचार्य धीरशांत दास, धवल दीक्षित, सरिता यादव, निमित जायसवाल, नरेंद्र सुमन, इंद्रजीत शर्मा, दानिश मिर्जा, लुकमान खान, नरेश श्रीमाली, यथार्थ किशोर, आदित्य वीर शास्त्री, अनुज पुरषोत्तम, संजय प्रजापति,अचल जैन आदि मुख्य थे।



# आईएफटीएम में 'विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस' मनाने के तहत हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. ेवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से ''विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस'' मनाने के अंतर्गत ''स्टेप आउट एण्ड इनोवेट'' थीम पर एक पोस्टर मे. कंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए बताया कि एक इंजीनियर के लिए मानव विकास और वैश्विक समस्याओं को हल करने में रचनात्मकता और नवाचार की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के १०० से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए गए पोस्टर्स में से ''इलेक्ट्रिकल वाहन भविष्य की सवारी'', ''सिंगल एक्सिस सोलर ट्रैकर'' और ''ट्रांसमिशन लाइन दोषों के लिए यूपीएस आधारित सहायता प्रणाली'' के पोस्टर्स क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार एवं सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गौरव हवाडिया निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने ''स्टेप आउट एण्ड इनोवेट'' थीम पर अपने विचार साझा करते हुए आधुनिक जीवन में पोस्टर्स के महत्व पर विस्तार के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि ''विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस'' मनाने का मुख्य उद्देश्य समस्या-समाधान में रचनात्मकता और नवाचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तिगत और समूह स्तरों पर रचनात्मक बहु-विषयक सोच को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संचालन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. विनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**न्यायालय जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**सिविल विविध वाद संख्या**
**( टी0ए0 वाद सं0 ) 84/2025**

श्रीमती माधवी शर्मा पत्नी श्री अतुल अग्रवाल पुत्री स्व० श्री हरि नारायण शर्मा निवासी- मकबरा, सब्जी मण्डी, तहसील व जिला मुरादाबाद। .......**प्रार्थिनी**

**बनाम**

**01.** श्रीमती करूणा शर्मा पत्नी स्व० श्री राकेश कुमार निवासी मौहल्ला गाड़ीखाना तहसील व जिला मुरादाबाद, **02.** श्रीमती वन्दना सैनी पत्नी स्व० श्री मदन गोपाल सैनी निवासी मौहल्ला मकबरा सब्जी मण्डी, दर्जियो वाली गली, तहसील व जिला मुरादाबाद, **03.** श्रीमती अरूणा शर्मा पत्नी श्री कमरसैन निवासी ग्राम बबीना डाकखाना दुधार खाल बबीना जनपद पौढ़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, **04.** श्रीमती प्रतिमा शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार निवासी बरोलिया भवन संख्या 365 लाईनपार, प्रकाश नगर, गली नं० 03 तहसील व जिला मुरादाबाद। . **विपक्षीगण।** चूंकि उपरिनामांकित आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन **न्यायालय अपर सिविल जज ( सी0डि0 ) न्यू कोर्ट सं0 01, मुरादाबाद** के न्यायालय में विचाराधीन **मूलवाद सं0-1088/2021** करूणा शर्मा प्रति अरूणा शर्मा एवं न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी० मुरादाबाद के न्यायालय में विचाराधीन मूलवाद सं०- **593/2022** माधवी शर्मा प्रति करुणा शर्मा की उपरोक्त पत्रावलियों को किसी एक सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित करने हेतु 24 सी० पी० सी० के अंतर्गत आवेदन किया है। आप उक्त वाद में जवाबदेही करने के लिए दिनांक **28.04.2025** को प्रात: **11:00** बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 04 दिवस 17 को निकाली गई।

**न्यायालय के आदेशानुसार-**
**व्यवहार विविद वाद, लिपिक जनपद न्यायालय, मुरादाबाद ( उ0प्र0 )**

**NAME CHANGE**

**IT IS** for general information that I, Sumit Agarwal S/O Sitaram Agarwal, residing at- House number-788, Sector-10, Behind Power House, buddhi vihar, Phase-2, Moradabad, uttar Pradesh-244001, declare that name of mine has been wrongly written as Sumit Agrawal in my class 10th and LL.B. marksheet and Degree. The actual name of mine is Sumit Agarwal which may be amended accordingly.

**बेदखली सूचना**

फहीदा पत्नी स्वर्गीय इतवारी निवासी ग्राम चमरोआ थाना मूंढापांडे जिला मुरादाबाद के पूर्व पति अंसार हुसैन निवासी जामा मस्जिद सुई बालान दिल्ली का देहांत हो गया था जिस कारण मैने दूसरा निकाह इतवारी पुत्र काले निवासी चमरोआ के साथ किया था और उनके साथ आकर रहने लगी तथा मेरा पुत्र शोएब उर्फ सेरी पुत्र अंसार हुसैन निवासी जामा मस्जिद सुई बालान दिल्ली बाद में आकर ग्राम चमरोआ में रहने लगा, मैं अपने पुत्र शोएब उर्फ सेरी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं, मेरा उससे कोई वास्ता नहीं है, उसके सभी कृत्यों एवं लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा , **फहीदा पत्नी स्व. इतवारी, जामा मस्जिद सूई वालान दिल्ली हाल निवासी ग्राम चमरौआ, थाना मूडापांडे, जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त द्वितीय मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।**
**निगरानी सं०** C202313000002246
**तारीख पेशी:** 01.05.2025
**मौजा**-बारीपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।
**धारा: 219 एल.आर. एक्ट**
**नसीम अहमद आदि बनाम शबनम आदि।**

1. नसीम अहमद, 2. फरीद अहमद, 3. नफीस अहमद, 4. जरीफ अहमद, 5. जहीर अहमद पुत्रगण स्व. सईद अहमद, 6. सुहैल अहमद, 7. शुऐब अहमद पुत्रगण स्व. शरीफ अहमद समस्त निवासीगण मौहल्ला दरवारे कलां तहसील अमरोहा जिला अमरोहा-**निगरानीकर्तागण।**

**बनाम**

1. शबनम पत्नी स्व. फुरकान पुत्र मौ. सुलेमान नि. मौ. फीलखाना शहर व जिला मुरादाबाद, 2. मौ. हारून पुत्र श्री अब्दुल शकूर नि. ग्राम पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. नन्हूं सिंह पुत्र श्री कुंवर सिंह नि. ग्राम लोधीपुर राजपूत तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **वादी गण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 01 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 04 के दिवस 01 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर आयुक्त द्वितीय**
**मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।**

# ग्राम समाज की भूमि पर छह अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम समाज की भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कराने के आरोप में लेखपाल की तहरीर के आधार पर सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के लेखपाल मेघ सिंह पुत्र किशन लाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि ग्राम असलेमपुर में गाटा संख्या 71 रकबा 0.609 हे० खलियान के नाम दर्ज हैं। इस गाटे के 736 वर्ग मी० क्षेत्रफल पर ओम प्रकाश, चरन सिंह पुत्रगण अमर सिंह, जयपाल पुत्र भगवाना, विक्रम पुत्र झंडू ,सूरजपाल पुत्र मोहन,बुद्धा पुत्र झब्बन ,लाखन पुत्र भगवान दास निवासीगण असलेमपुर में मकान व पक्की दीवार खड़ी कर के अवैध कब्जा कर रखा है।जिसमे लेखपाल मेघ सिंह द्वारा काफी बार कहने पर भी अवैध कब्जा मुक्त नही किया गया साथ ही भूमि के स्वामित्व के संबंध में आवश्यक कागजात मांगे गए जिससे किसी ने भी कागजात प्रस्तुत नही किए गए जिसमें लेखपाल मेघ सिंह: ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवैध कब्जे दारो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी वही कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर ओम प्रकाश, चरन सिंह पुत्रगण अमर सिंह, जयपाल पुत्र भगवाना, विक्रम पुत्र झंडू ,सूरजपाल पुत्र मोहन,बुद्धा पुत्र झब्बन ,लाखन पुत्र भगवान दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## इनवर्टर चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** जल जीवन मिशन के तहत कार्य के दौरान वहां लगे इनवर्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली। कोतवाली पुलिस ऑपरेटर की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफ नगर निवासी अब्दुल कलाम पुत्र जियाउर्रहमान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शरीफ नगर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पानी की टँकी पर ऑपरेटर के पद पर तेनात है। 17 अप्रेल देर रात्रि अज्ञात चोर द्वारा इनवर्टर चोरी कर ले गया । जिसपर पीडित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी जिसपर कोतवाली न तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक राय होकर युवक के साथ गाली गलौज करने गाली गलौज का विरोध करने पर पीडित को मारपीट कर घायल करने की ड शिकायत पर 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाई खेड़ा निवासी संजीव कुमार पुत्र जयनन्दन सिंह जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कहा है कि उसको गांव के ही सोनू पुत्र हरपाल सिंह, दक्ष , टिंकू, सतवीर सिंह, रिंकू, गजराम सिंह ने एक राय होकर पीडित के साथ गाली गलौज करने लगे तभी पीडित न गाली गलौज का विरोध किया तो दबंग आग बबूला हो गए और पीडित के साथ लाठी डंडे से हमलावर हो गए जिसमे पीडिघ्त ने 112 पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की थीं जिसपर कोई कार्यवाही नही करने के आरोप लगाते हुए पुलिस द्वारा फैसले का दबाब बनाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की थी जिसपर जिलाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिल्म निदेशक अनुराग कश्यप के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने पर ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। मंगलवार को विकास कुमार मिश्रा एड. पुत्र राजीव कुमार मिश्रा निवासी गणेश कॉलोनी चंदौसी के साथ काफी संख्या ब्राह्मण समाज के लोग कोतवाली पहुंचे और फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर में विकास कुमार मिश्रा एड. व ब्राह्मण समाज के लोगों ने गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए अनुराग कश्यप के विरुद्ध उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के घृणित कृत्य करने का कोई भी साहस न कर सके और समाज में शांति एवं सद्भाव बना रहे।



इस दौरान गौरव शंखधार, लक्की शर्मा, सभासद निशांत शर्मा, विकास उपाध्याय, सभासद नवकांत शर्मा, करुणेश शर्मा, लक्की मिश्रा, योगेश शर्मा, अजय पाठक, गौरव, उज्वल, सौरव, विकास, दीपक, वीरेश, आदि लोग रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने मॉडल बनाकर पृथ्वी दिवस मनाया

**ठाकुरद्वारा।** विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण कर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण विषय में सभी बच्चों को विस्तार से पृथ्वी के संबंध में जानकारी दी गई प् वही आधुनिकता के युग में पृथ्वी को अस्थिर होने से बचाने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वही इसी दौरान इको क्लब के माध्यम से डिजिटल दक्षता को विकसित करने तथा मिशन लाइफ के उद्देश्यों को बढ़ावा देने को लेकर विभिन्न वनस्पतियों की पहचान कर उनके कियूआर कोड तैयार किए गए। इस दौरान इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार हितैषी,पीयूष कुमार प्रशांत,सोमवती शर्मा,आशीष कुमार,लोकेंद्र कुमार सहित छात्र छात्राए मौजूद रहे।



## खाकी ने खाकी के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** खाकी ने ही खाकी वर्दी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। चन्दौसी में तैनात महिला होमगार्ड सुधा रानी पत्नी सत्यवीर सिंह नि० ग्राम मौजमपुर चन्दौसी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसका बेटा शिवम बैण्ड बाजे का कार्य करता है। 21 अप्रैल को वह रात्रि दस बजे किसी सामान लेने घर आ रहा था, तभी सिपाहीलाल पेट्रोल पंप के पास एक दरोगा व सिपाही ने रोक लिया और तलाशी लेने लगे। बेटे ने बताया कि मेरी मां भी आपके स्टाफ से हैं। इस पर सिपाही द्वारा महिला होमगार्ड के संबंध में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। महिला होमगार्ड द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है।

## पंचायत सहायक को मिली जान से मारने की धमकी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कुरी रवाना निवासी बिलाल अहमद गांव में पंचायत सहायक है बताया गया कि उनके मोबाइल पर साराय खजूर निवासी इलियास ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। धमकी सुनने के बाद बिलाल अहमद थाने पहुंचे और इलियास से जान का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर होगी कार्यशाला

**बिलारी।** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित अनिल फार्म हाउस गर्मियों को देखते हुए जनप्रतिनिधि व समाज सेवी लोगों के साथ जन जागरण अभियान के तहत सवेरे 11 से हर बूंद बचाओ, हर पौधा लगाओ जल संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन होगा। जिसमें राजस्व विभाग, नगर पालिका, पंचायत प्रति. निधि, विकास विभाग,वन विभाग, कृषि एवं उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग आदि के अधिकारी व कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभी को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## एसएमएस में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के मौके पर हुआ पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस वैद जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंत. रराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के मौके पर कक्षा 12 के बच्चों ने पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस दौरान स्कूल में लगे सभी बच्चों ने प्रतिदिन पौधों में पानी देने का संकल्प लिया। बच्चों ने सेव अर्थ पर सुंदर प्रोजेक्ट बनाया। इस मौके पर प्रतिभाग करने वाली छात्रा अनन्या चौधरी, गोरबी, संजना, विशाखा, साक्षी,अनुष्का, शिफा, आकांक्षी आदि ने होना दिखाकर मन मोह लिया। इस मौके पर प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उपप्रधानाचार्य आरसी शर्मा ने बच्चों की प्रशंसा की।

## एक नजर

### पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा ने थाने का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**भोजपुर।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्रकुमार सिंह ने थाने का गहनता से निरीक्षण किया।घ्उन्होंने भोजनालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, सम्पत्ति व अभिलेखों का रखरखाव, परिसर की साफ सफाई, कार्यालय अभिलेख, महिला और पुरुष बंदी ग्रह की साफ–सफाई, मैस, सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर उपकरणों का रख रखाव ,कार्यालय का निरीक्षण किया।उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र ही निस्तारण करने,महिला हेल्प डेस्क की शिकायत वरीयता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को गांव–गांव जाकर महिला और बच्चों से संबंधित साइबर अपराधों और सड़क सुरक्षा के संबंध में गांव के लोगों को जागरूक करने को कहा । इस दौरान थाना प्रभार निरीक्षक शरद मलिक, एसएसआई महेश पाल मलिक, उपनिरीक्षक बृजपाल सिंह, रामकुमार, शराफत हुसैन, अनिल गोस्वामी, कपिल कुमार, अजय दुबे आदि उप निरीक्षक मौजूद रहे।

### दहेज हत्यारोपी ससुर को गिरफ्तार भेजा जेल

**भोजपुर।** वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश पाल मलिक ने दहेज हत्या में वांछित गांव बहेड़ी ब्रहमान निवासी दारा सिंह पुत्र नत्थू सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। 4 अप्रैल को थाना छजलैट के गांव दयानाथपुर निवासी अमित कुमार पुत्र फूल सिंह ने बहनोई सोनू और ससुर दारा सिंह के खिलाफ 28 वर्षीय बहन सोमती से दहेज में एक लाख रूपए नकद व बुलट मोटर साईकिल की मांग करने। बहन के दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता व्यक्त करने पर मारपीट व गाली गलौच करने। जबरन तेजाब पिलाकर हत्या कर देने के आरोप में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त पति सोनू को 10अप्रैल को जेल भेजदिया था।घ्फरार चल रहे ससुर को मंगलवार को सुबह करीब पौने दस बजे गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### भाजपा नेता के भाई द्वारा गोरखपुर मठ से कराई जाती थी फर्जी कॉल

**चन्दौसी।** भाजपा के पश्चिमी यूपी के उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के भाई कपिल सिंघल द्वारा लोगों को धमकाने के लिए गोरखपुर मठ के नाम से फर्जी कॉल कराने को लेकर मामला सामने आया है। मामला यहीं तक नहीं बताया जा रहा है अपितु मुख्यमंत्री का भी हवाला दिया जाता था। पुलिस ने इस मामले में कॉल करने वाले व्यक्ति से पूंछताछ शुरु कर दी है जिससे सच्चाई सामने आ सके। बता दें कि कई माह पहले विपुल गुप्ता ने कपिल सिंघल के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा था कि कपिल सिंघल ने गोरखपुर मठ के नाम से फर्जी कॉल कराई। इस दौरान विपुल को धमकी भी देने की बात कही जा रही है। पुलिस इस मामले में तार जोड़ने का प्रयास कर रही है। एसपी संभल के अनुसार जो व्यक्ति कॉल करता था, उसके खाते में कपिल सिंघल ने रुपये भी भेजे हैं, रुपये देकर फर्जी कॉल कराई जा रही थी। बता दें कि कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा सलेमपुर में स्थित कपिल सिंघल की स्क्रैप फैक्ट्री पर जांच पड़ताल के लिए सोमवार की शाम एएसपी श्रीशचंद्र पहुंचे। उन्होंने बताया कि कई बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न और मारपीट में पति सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** एक लाख रुपए की मांग करते हुए विवाहिता को उत्पीडन करने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित 4 लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रियंका पुत्री गजेंद्र सिंह ने उपजिलाधिकारी को प्राथना पत्र देकर। बताया कि वह 4 माहे की गर्भवती हैं 23 अप्रेल को उसके पति जय कुमार पुत्र दलवीर सिंह अपने साथ पण्डितपुर बुलाकर अपने घर ले गया और वहा जाकर पीडिघ्ता के पति जय कुमार, जेठ अजय कुमार, सास प्रवेश देवी, ससुर दलवीर सिंह, ने विवाहिता के पेट में लात मारी जिसमें विवाहिता निचे गिर गई, जिससे उसके पेट में असहनीय पीड़ा हुई तभी उक्त लोग विवाहिता के साथ गाली गलौज करते हुए एक लाख रुपये लाने पूरी ना होने पर आगबबूला उक्त लोग बोले कि एज तुजे जान से मारे बिना नही छोड़ेंगे, ओर तेरे बच्चे को भी तेरे साथ ही मार देंगे वही विवाहिता ने चोरी छिपे अपने पिता को घटना के बारे में बताया जिसमें पीडिघ्त के पिता पुलिस को साथ लेकर पहुँचे ओर विवाहिता को साथ ले आए जिसमें पीडिघ्ता ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी जीसपर उपजिलाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गरीब बेटियों का सहारा बन रहे हैं हशमत रजा

**कुन्दरकी।** नगर के समाज सेवी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे हाजी हशमत रजा गरीब बेटियों का सहारा बन रहे हैं। वह अब तक तमाम शादियां करा चुके हैं। हशमत रजा सामा. जिक क्षेत्र में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके कार्यों की नगर में खूब चर्चा हो रही है, लोग जगह–जगह उनकी चर्चा करते हुए देखे जा सकते हैं। कहां जा रहा है, वह एक बार फिर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इस बार जनता में बेहद लोकप्रिय होने का भी उन्हें फायदा मिलेगा क्योंकि जब से इलेक्शन हुआ है, तब से लेकर अब तक वह लगातार मैदान में हैं और लोगों की खिदमत कर रहे हैं।



### ट्रेक्टर सवारों ने बाइक सवारों को मारी टक्कर गिरने पर बाइक सवारो पर झोंका फायर

**मुरादाबाद।** सेरूवा चोराहै पर ट्रेक्टर सवार शुभम बिश्नोई पुत्र नरेश बिश्नोई निवासी गांव हमीरपुर थाना छजलेट व रजत पुत्र सतीश निवासी गांव अलावा थाना छजलेट ट्रेक्टर पर सवार थै इन्होने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारी दी सोनू वर्मा ने बताया कि में ओर मेरा बेटा ऋतिक वर्मा दुकान बंद करके आ रहे थे। तभी ट्रेक्टर की बाइक में टक्कर लगने से सोनू व उसका बेटा नीचे गिर गया तभी ट्रेक्टर सवारों ने तमंचे से फायर झोंक दिया आवाज सुनकर ग्रामीण लोग पडै और किसी तरह जान बचा कर भागै और इस घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने तुरन्त सी सी कैमरों की जान बीन शुरू कर दी है शुभम जब अपने इरादे में नाकाम हो गया तो गुस्से में भागते भागते जान से मारने की धमकी भी दे गया हे सोनू बमा ने अगवानपुर चोकी में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### एनालाइजर से पुलिस ने की वाहन चालकों की जांच

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र में सोमबार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत भगतपुर पुलिस नें क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों की ब्रेथ एनालाइजर नामक आधुनिक उपकरण की मदद से जांच की। बताते चलें सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा जनता को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है जिससे सड़क हादसों पर रोक लगे, इसी को ध्यान में रखते हुए भगतपुर थाना पुलिस लगातार क्षेत्र में सड़क सुरक्षा अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

सोमबार को भी पुलिस ने वाहन चला रहे चालकों को जागरुक करते हुए यातायात नियमों के बारे में बताया वही शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों की ब्रेथ एनालाइजर आधुनिक उपकरण की मदद से जांच की गई। साथ ही नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन जिम्मेदारी से चलाएं 18 वर्ष से कम उम्र के युवक को वाहन न चलाने दें, शराब पीकर कोई भी वाहन नहीं चलाएं, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें, बाइक पर दो सवारी से अधिक न बैठे और हेलमेट लगाये, चेकिंग के दौरान मौजूद रहे उपनिरीक्षक राधेश्याम भारती, उपनिरीक्षक राजकुमार नेन, उपनिरीक्षक गुलबीर सिंह, कांस्टेबल शिवम मलिक आदि मौजूद रहे।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र संजीव कुमार को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा और मेरे बाकि परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
**रमेश पुत्र मुरारी निवासी मधपुरी उर्फ इनायतपुर, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मेरा पुत्र अनवर बुरी संगत में पड गया है और शादीशुदा होने के बावजूद किसी और औरत के साथ घर से चला गया है इसलिये मैनें अनवर से अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये है और उसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं अनवर के किसी भी अच्छे बुरे कार्य के लिये जिम्मेदार नहीं हूँ। **जरीफ हुसैन पुत्र रफीक निवासी ग्राम नगलिया मशकूला थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद। मो0नं0–9012257802**

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय जिला मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्या:–71/2024**

नबाव शौकत अली खान पुत्र स्व० नबाव हाशिम अली खान निवासी मौहल्ला मुगलपुरा प्रथम शहर व जिला मुरादाबाद। **वादी / प्रार्थी**

**बनाम**

**1/1.** सय्यद राबील हुसैन, **1/2.** सय्यद शाजील हुसैन पुत्रगण स्व० सय्यद शाहिब हुसैन, **2.** फरहा शाहिद पत्नी स्व० सय्यद शाहिब हुसैन निवासीगण मौहम्मला फैज गंज निकट चौराहा गवर्मेन्ट कॉलिज मुरादाबाद हाल निवासीगण प्रिंस रोड गली मुगलो वाली मस्जिद के पीछे शहर व जिला मुरादाबाद। **3/1.** श्रीमती शकीला पत्नी स्व० श्री मुशाहिद हुसैन, **3/2.** सय्यद फरहान अली, **3/4.** सय्यद रिहान अली, **3/5.** सय्यद सलमान अली पुत्रगण स्व० मुशाहिद हुसैन, **3/6.** कु० राबिया, **3/7.** जाकिया पुत्रीगण स्व० मुशाहिद हुसैन निवासी गण मौहम्मला फैज गंज निकट चौराहा गवर्मेन्ट कॉलिज मुरादाबाद समस्त हाल निवासीगण टी०टी०–**57/ए** ग्राउण्ड फ्लोर रेलवे कालोनी रेलवे स्टेशन शहर व जिला मुरादाबाद। **4.** मौ० अनीस पुत्र स्व० श्री मौ० हुसैन निवासी फैज गंज निकट चौराहा गवर्मेन्ट कॉलिज मुरादाबाद हाल निवासी टी०टी०–**57/ए** ग्राउण्ड फ्लोर रेलवे कालोनी रेलवे स्टेशन शहर व जिला मुरादाबाद हाल निवासी मौहल्ला लाकडी वालान निकट नवाब साहब का गेट नं०–2 शहर व जिला मुरादाबाद। **5/1,** हकीम रिजवान पुत्र स्व० हकीम बशीर अहमद निवासी दवाखाना स्थित फैजगंज निकट राजकीय इण्टर कॉलेज शहर व जिला मुरादाबाद। **5/2.** डॉ० सुल्तान पुत्र स्वव हकीम बशीर अहमद निवासी मौहल्ला बरवालान निकट मौलवीयो वाली मस्जिद शहर व जिला मुरादाबाद। **5/3.** अहसान पुत्र स्व० हकीम बशीर अहमद निवासी मौहल्ला पीरगैब निकट कोयल वाली मस्जिद शहर व जिला मुरादाबाद। **6.** सलाम उर्फ बबली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मौहल्ला फैजगंज निकट चौराहा जी०आई०सी० शहर व जिला मुरादाबाद।......**प्रतिवादीगण / विपक्षीगण।**
**7/1.** हुसैन अली खां उर्फ आरिफ हुसैन, **7/2** आसिफ अली खां पुत्रगण स्व० नबाव हिदायत अली खां निवासीगण मौहल्ला मुगलपुरा प्रथम निकट चौराहा जी०आई०सी० शहर व जिला मुरादाबाद। **8/1.** कैसरा बी पत्नी स्व० नबाव सालिम खां, **8/2.** आजम अली खां, **8/3.** इमराल अली खां, **8/4.** जावेद अली खां पुत्रगण स्व० नबाव मदाबाद अली खां, **9/1.** नबाव जादा बाबर अली पुत्र स्व० नबाव कायम अली निवासी मौहल्ला मुगलपुरा अव्वल निकट राजकीय इण्टर कॉलिज शहर व जिला मुरादाबाद। **औपचारिक प्रतिवादीगण/ विपक्षीगण** चूंकि उपर्निमांकित **वादी** के इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि अतएव आवको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के 04 के दिवस 23 को पूर्वान्ह 10 बजे अथवा बन्धक रूप से अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित निकाली गयी।

**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद–मुरादाबाद।**

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **26.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई–नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **07.05.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला–स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला–स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **रामपुर–सौकत अली रोड जीएल – शौकत अली रोड, एचडीएफसी बैंक के पास, रामपुर सिटी, रामपुर, उत्तर प्रदेश–244901**

**शाखा का नाम: रामपुर–रामपुर स्वार बस स्टैंड जीएल, तालुका – सुअर**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24846789, GL27227279, GL32154407, GL32172228, GL32629966, GL32636841, GL34060537, GL34323061.

**शाखा का नाम: रामपुर–सौकत अली रोड जीएल, तालुका – रामपुर**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24783615, GL24813988, GL25062565, GL25398663, GL25512464, GL25513863, GL25542465, GL28298876, GL28298960, GL30576902, GL31858799, GL31877207, GL32085956, GL32093450, GL32128431, GL32143518, GL32167192, GL32247948, GL32255598, GL32277963, GL32345467, GL32708950, GL32863209, GL32931615, GL32933199, GL32948189, GL32949722, GL32952108, GL33188897, GL33192670, GL33212067, GL33212262, GL33364061, GL33373194, GL33388710, GL33395316, GL33414676, GL33534127, GL33823184, GL34004856, GL34013057, GL34037330, GL34042833, GL34050697, GL34086440, GL34149955, GL34234732, GL34286921, GL34328481.

ई–नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई–नीलामी के अनुसार ई–नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद भी नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते के विवरण दर्ज/अपडेट करवाएं, ताकि उन्हें नीलामी में अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 23.04.2025
स्थान: रामपुर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **26.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई–नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **07.05.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला–स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला–स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **मुरादाबाद–दिल्ली रोड जीएल – 3बी – 303 बुद्धि विहार, प्रथम तल, चरण सिंह चौक चौराहा, इंडियन बैंक के ऊपर, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001.**

**शाखा का नाम: मुरादाबाद–बुधबाज़ार, तालुका – मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25064724, GL25149035, GL25169127, GL25389954, GL25562870, GL31611996, GL31625432, GL31870006, GL31877008, GL32217139, GL32230310, GL32624238, GL32636209, GL32884686, GL32977504, GL32987826, GL33075161, GL33158825, GL33227857, GL33269139, GL33289884, GL33314923, GL33320239, GL33410049, GL33432731, GL33790839, GL34126382, GL34134778, GL34285458.

**शाखा का नाम: मुरादाबाद–दिल्ली रोड जीएल, तालुका – मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24586845, GL25179556, GL25505599, GL29166496, GL31946088, GL31961854, GL31985862, GL32849506, GL33306290, GL33325104, GL33338053, GL33352462, GL33390848, GL34145064.

**शाखा का नाम: मुरादाबाद–ईदगाह रोड जीएल, तालुका – मुरादाबाद.**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL24983729, GL25107863, GL25404577, GL25540812, GL25541468, GL32420511, GL32496863, GL32759500, GL32773859, GL32995163, GL32997631, GL33016042, GL33022291, GL33028029, GL33056907, GL33227747, GL33254345, GL33266572, GL33346279, GL33350890, GL33403576, GL33431090, GL33491262, GL33511602, GL33849910, GL33927512, GL33939850, GL34221611, GL34245552, GL34286099, GL34597907, GL34721079, GL34743323, GL35076366, GL35094249.

ई–नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई–नीलामी के अनुसार ई–नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद भी नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते के विवरण दर्ज/अपडेट करवाएं, ताकि उन्हें नीलामी में अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 23.04.2025
स्थान: मुरादाबाद

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलगांव
## विकास खण्ड–भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025–26     दिनांक: 22.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पीपलगांव विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/ मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 07.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी–अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी–अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 07.05.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलविन्द्र के घर से सुरेन्द्र के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निमार्ण कार्य। | ईंट, बजरी, रोड़ा टाईल्स आदि। | 63 मी0 | 232545.80 | 1000 | 2% | 12 माह |
| 2 | शकूर अली के घर से मैन रोड तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | " " | 63 मी0 | 237813.87 | 1000 | 2% | 12 माह |
| 3 | सतेन्द्र के घर से शिव मंदिर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 46 मी0 | 234436.66 | 1000 | 2% | 12 माह |
| 4 | मैन रोड से शिवचरन के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 62 मी0 | 237834.77 | 1000 | 2% | 12 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**–1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पीपलगांव**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# केकेआर को मिली लगातार दूसरी हार



### गुजरात टाइटंस तालिका में शीर्ष पर बरकरार, गिल व सुदर्शन चमके

**कोलकाता, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 39 रनों से हराया और शीर्ष पर अपना दबदबा मजबूत किया।

गुजरात ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्द्धशतकों से 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए थे, जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इस सीजन यह पहली बार है जब केकेआर ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। यह गुजरात की आठ मैचों में छठी जीत है और वह 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। गुजरात ने इस सीजन दो मुकाबले गंवाए हैं। वहीं, केकेआर की आठ मैचों में यह पांचवीं हार है और वह तीन जीत के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बनाए जो 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने गुरबाज का विकेट जल्द गंवा दिया। इसके बाद रहाणे ने सुनील नरेन के साथ मिलकर टीम को संभाला, लेकिन नरेन 17 रन बनाकर आउट हो गए। फिर रहाणे अच्छी पारी खेलते रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उनका कोई बल्लेबाज साथ नहीं दे सका। केकेआर के लिए बड़ी साझेदारी नहीं बन पाना हार का बड़ा कारण बना। केकेआर की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे पिछले मैच में पंजाब किंग्स ने हराया था। केकेआर के लिए रहाणे के अलावा आंद्रे रसेल ने 21, रिंकू सिंह ने 17, वेंकटेश अय्यर ने 14 और रमनदीप सिंह ने एक रन बनाए, जबकि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष 27 और हर्षित राणा एक रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिले। इससे पहले, केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी की जिसकी मदद से टीम बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। गुजरात के लिए गिल ने 55 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 90 रन बनाए, जबकि सुदर्शन 36 गेंदों पर छह चौका और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल और सुदर्शन ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। गिल ने 34 गेंदों पर और सुदर्शन ने 33 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सुदर्शन का इस सीजन का यह पांचवां और गिल का तीसरा पचासा था। गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन की जोड़ी हिट है। गिल और सुदर्शन के नाम ही गुजरात के लिए सबसे बड़े ओपनिंग साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। गिल और सुदर्शन के बीच 114 रनों की साझेदारी गुजरात के लिए चौथी बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। गिल और सुदर्शन तीन बार गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी कर चुके हैं जिसमें एक बार 210 रनों की पार्टनरशिप भी शामिल है। गिल और सुदर्शन आईपीएल 2025 में शानदार फार्म में चल रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी इस सीजन धमाल मचा रही है। गिल और सुदर्शन ने इस सत्र में आठ पारियों में अब तक 448 रन जोड़े हैं और इनका औसत 56.0 का रहा है। गिल और सुदर्शन 8.93 के रन रेट से रन बना रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी ने इस सीजन दो बार शतकीय और दो बार अर्द्धशतकीय साझेदारी की है। इतना ही नहीं, इन दोनों ने आईपीएल 2024 से अब तक 17 पारियों में कुल आठ बार 50+ साझेदारी की है जो सर्वाधिक है। इन्होंने इस मामले में ट्रेविस और अभिषेक को पीछे छोड़ा जिन्होंने आईपीएल 2024 से अब तक 22 पारियों में सात बार 50+ साझेदारी की है। गिल और सुदर्शन के बीच इस साझेदारी को रसेल ने तोड़ा। सुदर्शन के आउट होने के बाद बटलर क्रीज पर आए और उन्होंने गिल के साथ मिलकर गुजरात की पारी को गति दी। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गए। इस दौरान गिल और बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी हुई जिसे वैभवने तोड़ा। इसके बाद हर्षित ने तेवतिया को खाता खोले बिना आउट कर गुजरात को तीसरा झटका दिया।



# समृति मंधाना-जसप्रीत बुमराह को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

### जसप्रीत बुमराह का 2024 में औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्डतोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष आरसीबी को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

### बीमारी के कारण सात्विक और चिराग सुदीरमन कप में नहीं लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीमारी के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की शीर्ष भारतीय युगल जोड़ी चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले सुदीरमन कप में हिस्सा नहीं लेगी।

**खेल विशेष**

### क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। क्रेक्स ने आज हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंलकग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा कि मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवा लड़कियों को उनके क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेक्स की प्रतिबद्धता को देखना प्रेरणादायक है।

### शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया। उधर नेहरू स्टेडियम में हो रही डब्ल्यूपीएल में जुबा संघा ने निधि के दो गोलों से ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 4-0 से हराया।





# भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीते सात पदक

**लीमा, वार्ता।** आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल सात पदक जीते। भारतीय निशानेबाज सिमरन प्रीत कौर बराड़ ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता, वहीं पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर टूर्नामेंट में सोमवार को 22 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

निशानेबाजी फाइनल में सिमरनप्रीत ने 33 हिट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की सुन यूजिये ने 34 हिट्स के साथ स्वर्ण और याओ कियानशुन ने 29 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में मनु भाकर ने 585 स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत ने 580 के साथ पांचवां और ईशा सिंह ने 575 के साथ आठवां स्थान हासिल किया। जबकि ईशा सिंह 17 हिट्स के साथ छठे स्थान पर रहीं। सौरभ चौधरी/सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम ने स्वर्ण, सुरुचि सिंह महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण, मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत , सिमरनप्रीत कौर ने महिला 25 मीटर पिस्टल में रजत, रुद्रांक्ष पाटिल/आर्या बोर्से ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम ने रजत, अर्जुन बाबूता ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक और सौरभ चौधरी ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

# शुभमन गिल में महान कप्तान के सभी गुण मौजूद: राशिद खान

● गुजरात के कप्तान के रूप में गिल पास साहसिक फैसले लेने का बेहतरीन अनुभव है

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2025 में सोमवार को गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर इस सीजन की अपनी छठी जीत दर्ज की। टीम आठ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कप्तान शुभमन गिल के 90 रन की बदौलत गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में कोल. काता की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। गिल को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अब गुजरात से खेलने वाले अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने गिल की तारीफ की है और कहा है कि उनमें एक महान कप्तान बनने के सभी गुण हैं। राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है और गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने और साहसिक फैसले लेने का शानदार मौका है। राशिद ने जियो हाटस्टार की खास सीरीज श्जेन गोल्डश में कहा कि एक लीडर के तौर पर गिल का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचते हैं और खेल को समझते हैं उसमें भी वह शानदार हैं। राशिद ने कहा कि वह एक योजना के साथ मैच में आते हैं। वह बहुत शांत हैं और जब आप उन्हें मैदान पर देखते हैं, जिस तरह से वह टीम, गेंदबाजों को संभालते हैं तो उनमें एक महान लीडर बनने के सभी गुण हैं। वह इतनी बड़ी लीग में कप्तानी कर रहे हैं और यहां दबाव विश्व कप से भी ज्यादा है। इस 26 वर्षीय लेग स्पिनर ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर यह उनके लिए दबाव में प्रदर्शन करने और साहसिक फैसले लेने का सबसे अच्छा मौका है। साल 2022 में हार्दिक पांडया के अस्वस्थ होने पर कुछ समय के लिए गुजरात की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में राशिद ने कहा कि इससे उन्हें एक लीडर के तौर पर विकसित होने में मदद मिली और इससे उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने में भी मदद मिली।उन्होंने कहा कि यह एक सपना सच होने जैसा था। उस अनुभव ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की, न केवल लीग में बल्कि तब भी जब मैं अफगानिस्तान का नेतृत्व करने के लिए वापस लौटा। मैंने अलग तरह से सोचना शुरू किया। राशिद ने कहा कि चार-पांच साल पहले की तुलना में मेरी मानसिकता में बदलाव आया है। कप्तानी के उस दौर ने मेरी मदद की और 2024 (टी-20 विश्व कप) में अफगानिस्तान के सेमीफाइनल तक पहुंचने में भूमिका निभाई।

### घरेलू हिंसा के लिए माइकल स्लेटर को चार साल जेल की सजा

**सिडनी, वार्ता।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा सहित कई मामलों में चार वर्ष के जेल की सजा सुनाई गई है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय तक जेल में रहने के कारण उनकी सजा निलंबित कर दिया गया हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्लेटर को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और जमानत नहीं मिलने के कारण वह तब से जेल में थे। 55 वर्षीय स्लेटर को पीछा करने, एक महिला का गला दबाने और चोरी करने के मामलों सहित सात आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद मंगलवार को मारूचीडोर जिला न्यायालय के जज ग्लेन कैश ने चार वर्ष की सजा सुनाई। स्लेटर की सजा का शेष भाग पांच साल के लिए आंशिक रूप से निलंबित रहेगा। इस दौरान अगर वह कोई और गंभीर अपराध करता है तो उसे फिर से हिरासत में लिया जायेगा।



### नजमुल शान्तो ने बांग्लादेश की पारी को संभाला

**सिलहट, वार्ता।** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्बावे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिए है।

बांग्लादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई। 35वें ओवर में विक्टर न्याउचीने मोमिनुल हक (47) को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। बांग्लादेश का चौथा विकेट मुशफिकुर रहीम (चार) के रूप में गिरा। उन्हें भी मुजारबानी ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने चार विकेट पर 194 रन बना लिए थे, नजमुल शान्तो (नाबाद 60) और (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद थे।

# लखनऊ ने दिल्ली को दिया 160 रनों का लक्ष्य

● दिल्ली कैपिटल्स का पहला विकेट गिरा, मारक्रम ने करुण को बोल्ड किया

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए।

ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स ने 3.4 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 36 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। ऐडन मार्करम ने करुण नायर को बोल्ड किया। दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल और करुण नायर ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने पहले ओवर में 15 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने यह ओवर फेंका। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। इसी के साथ लखनऊ टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। 20वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मुक. ेश कुमार ने यार्कर फेंकी। आयुष बडोनी आफ स्टंप की ओर शफल कर शाट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। बडोनी ने 36 रन बनाए। लखनऊ ने 14वें ओवर में 2 विकेट गंवाए। ओवर की दूसरी बाल मुकेश कुमार ने शार्ट पिच फेंकी। अब्दुल समद ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन मुकेश कुमार को ही कैच दे बैठे। वे 2 ही रन बना सके। मुकेश ने फिर ओवर की आखिरी गेंद यार्कर फेंकी और मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। मार्श ने 45 रन बनाए। 12वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बाल मिचेल स्टार्क ने शार्ट पिच फेंकी। निकोलस पूरन पुल करने गए, लेकिन बाल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। पूरन ने 9 रन बनाए। 10वें ओवर में लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल दुष्मंथा चमीरा ने गुड लेंथ पर फेंकी, ऐडन मार्करम ने कवर्स की ओर शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच हो गए। मार्करम ने 52 रन बनाए। उन्होंने मिचेल मार्श के साथ 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। ऐडन मार्करम ने 30 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल स्टार्क के खिलाफ 2 रन लिए और हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। लखनऊ से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श ने पावरप्ले में टीम का कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने 6 ओवर के बाद 51 रन बना लिए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले ओवर में 3 रन बनाए। टीम से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श पिच पर हैं। दिल्ली से अक्षर पटेल ने पहला ओवर फेंका।


### लेडी श्री राम कॉलेज की पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल में विजयी शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** लेडी श्री राम कॉलेज और रामजस कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच एंड एयरफोर्स वेटेरियन प्रदीप तोमर और मेजबान गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के लप्रसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने किरोड़ी मल को 38.28 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की अन्वी को मिला। वहीं एक अन्य मैच में रामजस कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 39.28 से हराया और रामजस कॉलेज की अनीका को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन पुरुष वर्ग में मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने किरोड़ी मल कॉलेज को 7-0 से हराया।

# सिविल सेवा परीक्षा पास कर शहर के युवा ने रचा इतिहास

## चन्दौसी के देव डुडेजा 24 वर्ष की उम्र में यूपीएससी परीक्षा में 327 रैंक हासिल कर बने आईपीएस अधिकारी

■ पिता चलाते हैं चाय की कैण्टीन, मां हैं शिक्षिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2025 के परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में देशभर के लाखों युवाओं ने भाग लिया था, लेकिन कुछ ही मेहनती और समर्पित उम्मीदवारों ने अंतिम सूची में स्थान बनाकर अपना सपना साकार किया। इस बार परिणामों में ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में सफलता पाई है, जो दर्शाता है कि अब प्रतिभा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही। सिविल सेवा परीक्षा को पास करने वाले अभ्यर्थियों को अब भारत सरकार द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग से गुजरना होगा, जिसके बाद वे अपने-अपने विभागों में जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दें कि चन्दौसी के मौहल्ला गणेश कॉलोनी नि० देव डुडेजा ने अपनी परिश्रम व मेहनत के बल पर सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर आईपीएस बनकर शहर व परिवार का नाम रोशन किया है। यहां बताते चलें कि देव ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा चन्दौसी के आरआरके स्कूल से पास की है तथा ग्रेजुएशन में बी.ए. राजनीति विज्ञान तथा पोस्ट ग्रेजुएशन में एम.ए. राजनीति विज्ञान दिल्ली यूनिवर्सिटी से किया है। देव के पिताजी इंद्र मोहन डुडेजा पिछले ४५ वर्षों से एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी के सामने चाय की कैंण्टीन चलाते हैं तथा देव की माताजी चंद्रप्रभा शिक्षिका हैं जिनके द्वारा बेटे का भरपूर मार्गदर्शन किया गया। देव द्वारा तीसरे प्रयास में 327 रैंक हासिल करते हुए आईपीएस अधिकारी बन जनपद संभल व शहर का नाम रोशन किया है। जैसे ही देव का सूची में आया, वैसे ही परिवार जन खुशी से झूम उठे। देव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। फिलहाल घर पर बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही।



## बहजोई रोड पर अज्ञात व्यक्तियों ने पीटा

**चन्दौसी।** सुख-दु:ख का संगम होता है। हर परिस्थिति में व्यक्ति को झेलने की ताकत होनी चाहिए, जब कांटा बोओगे तो बबूल के पेड़ ही मिलेंगे। शार्टकट व अति बनवाटी पन कष्टमय होता है, इससे अपना ही नाश नहीं होता अपितु परिवार का जीवन भी कष्टमय हो जाता है। अल्पज्ञ की यही पहिचान होती है कि पानी का बबूला अपने उत्कर्ष स्थिति में पहुंचकर फिर नीचे गिरता है। फिलहाल ऐसे व्यक्ति की मनोदशा एवं शारीरिक शक्ति नकारात्मक विचारधारा वाली बन जाती है क्योंकि उसके बारे में हित-अहित सोचने वाले उसके ही साथ होते हैं। इसी तरह की स्थिति एक अशिक्षित व्यक्ति की बनी हुई है। विभिन्न रुपों का चोला ओड़कर स्थानीय लोगों को अपनी शक्ति का प्रयोग उनको परेशान करने वाला वर्तमान समय में सही निर्णय नहीं ले पा रहा है। उसके द्वारा 21 अप्रैल 2025 को एक तहरीर दी गई थी कि रात्रि 09:30 बजे के लगभग अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। वह किसी व्यक्ति का नाम ले रहे थे, इधर पीडित व्यक्ति ने तहरीर लिखवाकर कोतवाली में दी हैं। पुलिस पूरे मामले की सीसीटीवी फुटेज के अधार पर जांच कर रही है कि पिटाई करने वाले तीन लोग कौन थे?

## पृथ्वी दिवस पर बनाई मानव श्रृंखला

**चन्दौसी।** मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में ए.एम. वर्ल्ड स्कूल द्वारा एक विशेष और प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में 42000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्र में विद्यालय के लगभग 1500 बच्चों ने मिलकर "विश्व मानचित्र के आकार में मानव श्रृंखला" बनाई, जो पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक एकता का प्रतीक बनी। कार्यक्रम का आरंभ सुबह ०८ बजे विद्यालय के मैदान में हुआ। छात्रों ने पूर्व नियोजित स्थानों पर खड़े होकर महाद्वीपों और देशों के आकार को दर्शाते हुए विश्व मानचित्र का जीवंत रूप प्रस्तुत किया। यह दृश्य दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षक और भावनात्मक था। इस पूरे आयोजन की रूपरेखा विद्यालय के निदेशक अनूप मंगल और प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में तैयार की गई थी। विद्यालय के निदेशक श्री अनूप मंगल ने मुख्य भूमिका निभाते हुए सबसे पहले ऑटोकैड सॉफ्टवेर पर विद्यालय के ग्राउंड को ध्यान में रखते हुए विश्व मानचित्र का निर्माण किया और संभावित विद्यार्थियों की गणना की। इसके बाद विद्यालय के स्टाफ ने 05 दिन के अथक परिश्रम से ग्राउंड पर विद्यार्थियों की जगह को चिह्नित करने का कार्य किया और अंत में 22 अप्रैल 2025 को विद्यालय के कक्षा 02 से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों ने इस अद्भुत मानव आकृति का निर्माण किया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में रवि सैनी, शेखर वार्ष्णेय, रमेश गुप्ता और अमन गोयल के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग और समर्पण रहा। इस आयोजन में मीडिया प्रति. निधियों, अभिभावकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। ए.एम. वर्ल्ड स्कूल की यह अद्भुत पहल समाज को यह संदेश देने में सफल रही कि पृथ्वी की रक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।



## पृथ्वी दिवस पर अलग-अलग स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)** पृथ्वी दिवस पर अलग-अलग स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खादर कंपोजिट के प्रांगण में इको क्लब की गतिविधि एवं एक्शन प्लान का आयोजन हुआ प्रधानाध्यापक बृजेंद्र कुमार बिश्नोई के मुताबिक अर्थ डे पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण दिन है जो हर साल २२ अप्रैल को मनाया जाता है उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत १९७० में हुई थी और तब से यह दिन पूरी दुनिया में पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है उन्होंने इस दिवस के महत्व के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी, विभिन्न पेड़ पौधों के महत्व तुलसी के जैविक गुण अमरूद आम अनार आदि सभी औषधि गुणो से भरपूर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इनसे हमें कई विटामिन प्राप्त होते हैं। उन्होंने विभिन्न फलों से प्राप्त होने वाले अलग-अलग विटामिन की जानकारी दी छात्र-छात्राओं ने फूलदार पौधे तथा फलदार वृक्षों के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम में शिवानी वशिष्ठ बबीता सैनी दीपक आदि ने सहयोग किया। इसके साथ-साथ हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में भी अर्थ डे को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया गया जिसको लेकर स्कूल में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई पर्यावरण एवं पृथ्वी संरक्षण के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। निबंध लेखन एवं कला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई ने बताया कि पृथ्वी ईश्वर का मनुष्य को दिया गया निशुल्क उपहार है जिसे हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखकर और जागरूक रहकर इसका संरक्षण करते रहना चाहिए। प्रधानाचार्य ने भी पृथ्वी दिवस एवं संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।






## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मत माह के अभियोजित वादों संबंधी एवं सत्र न्यायालय में माह के प्रारम्भ में लम्बित एवं दायर वादों की संख्या पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही गत माह में अभियोजकदार अभियोजक वादों की समीक्षा की गयी। बैठक में गत माह में अधीनस्थ न्यायालय एवं सत्र न्यायालय के निस्तारित वादों के विवरण जैसे माह के प्रारम्भ में लम्बित वादों एवं दायर वादों, दाखिल दफ्तर, सजा का प्रतिशत, रिहा, उन्मोचित, सुलह इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को वादों के निस्तारण हेतु उचित कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पॉक्सो न्यायालयों में वादों को प्राथमिकता स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा पुराने वादों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में पॉक्सों एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट इत्यादि के अन्तर्गत आने वाले वादों की समीक्षा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अभियोजकदार को प्राथमिकता स्तर पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ट्रैफिक सुभाष चन्द गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी श्री महेन्द्रपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र गौतम, संयुक्त निदेशक अभियोजन मुरादाबाद, एसपीओ, एपीओ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## गणेश कॉलोनी की गली नं. 8 में नहीं हो रही पाइप लीकेज बंद

**चन्दौसी।** अमृत योजना के तहत पूरे शहर में नई पाइपलाइन डाली गयी है। जगह-जगह ओवरहैड टैंक बनाये गये हैं लेकिन शहर में डाली पाइपलाइन नई सड़कों की दुश्मन बन गयी है। कुशल कारीगरों द्वारा पाइपलाइन नहीं डाले जाने के कारण शहर में पचासियों स्थान पर रोजाना कई सौ गैलन पानी सड़कों पर आ जाता है जिससे सड़कें बेकार हो रही हैं। गणेश कॉलोनी की गली नं० ८ए में जलनिगम द्वारा कनेक्शन लगाया गया है। कई बार लीक होने के बाद जैसे-तैसे सही हुआ लेकिन पिछले दो माह से लगातार पानी लीकेज हो रहा है जिसकी शिकायत तहसील दिवस एवं जेई अनुज कुमार से की गई थी परंतु कुशल कारीगर व लेवर न होने के कारण अभी तक पाइप लाइन को दुरुस्त नहीं किया गया है जिससे घरों में गंदा पानी जा रहा है।



## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को दी गई जानकारी

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के आजाद पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को ऑपरेशन गरुण, ऑपरेशन शील्ड, डिस्ट्रॉय, मजनू, नशा मुक्ति, ईगल आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों योजनाएं भी बताई गई। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक भी किया गया। अनेकों हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं से कहा कि अपने साथ किसी भी तरह की होने वाली घटनाओं को छुपाए नहीं बल्कि पुलिस को बताएं ताकि त्वरिता कार्यवाही की जा सके। इस बीच कहा कि आपातकाल में पुलिस को किसी भी तरह से सूचित करें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।



## आईएफटीएम में 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' थीम पर आयोजित हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज एवं एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' थीम पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं व 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हमारे देश की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जो कि हमारे जीवन का आधार हैं तथा यह हमें हमारे कर्तव्य का भी बोध कराता है, ताकि हम एक जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने व संविधान द्वारा निहित मार्ग पर चलने को बढ़ावा देते हैं। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत का संविधान सभी भारतीयों को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें सभी के साथ समान रूप से व्यवहार करने की सीख देता है, चाहे उनका धर्म, जाति या लिंग कुछ भी हो। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के ६० विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए, छठे सेमेस्टर के छात्र अमित प्रताप सिंह प्रथम, बीए, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अंकित सिंह द्वितीय एवं बीए- बीएड, चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र रजत चौधरी तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें स्कूल के निदेशक डॉ. 'आर्य' ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. परीना बंसल और अंग्रेजी विभाग की डॉ. मृदुल बंसल निर्णायक मंडल की सदस्या रहीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सारिका दुबे, आयोजन सचिव श्री राहुल कुमार समेत अन्य कई शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।



## एक नजर

### एक मई को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर शिक्षक भवन में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**कांठ( शाह टाइम्स )** 14 सूत्रीय मांगों को लेकर एक मई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के संबंध में आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन शिक्षक भवन में किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सर्वेस शर्मा ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी धरने को सफल बनाने के लिए अभी से लग जाए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने धरने के लिए शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सभी साथियों से तैयार रहने को कहा और कहा कि प्रत्येक विकास क्षेत्र के अध्यक्ष व मंत्री अपने-अपने विकास क्षेत्र में शिक्षकों को धरने में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित करें। संजय सिंह ने सभी विकास खण्डों से बड़ी संख्या में शिक्षकों से उपस्थित रहने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष व छजलैट क्षेत्र के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा संघ को शिक्षक हितों की लड़ाई में हमेशा अग्रणी रहने की बात कही बैठक में प्रदीप शर्मा उपेंद्र सिंह वीर सिंह अर्जुन सिंह सुरजीत सिंह अनिल गिल देवेश चक्रवर्ती अनुज कुमार सुमित कुमार सुख स्वरूप त्रिवेंद्र कुमार राजीव सिंह मुकेश आनंद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सर्वेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष व संचालक धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिला मंत्री द्वारा किया गया।



### मुअज्जम की मेहनत से आज रात तक मिल सकती है बिजली

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुअज्जम की मेहनत से आज रात को बिजली आपूर्ति सुचारू होने की संभावना बढ़ गई है। बतादें कि 18 अप्रैल की रात को आए तूफान के कारण क्षेत्र की बिजली गुल हो गई थी बड़ी संख्या में बिजली के खंबे गिरने के कारण पूरा क्षेत्र अंधकार में हो गया था तीन दिन की मेहनत के बाद कांठ नगर को तो विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई लेकिन रसूलपुर बिजली घर से संचालित क्षेत्र को बिजली नहीं मिल पाई सैयद मुअज्जम अली ने बताया कि उन्होंने करीब चार दर्जन कर्मचारियों की टीम बिजली विभाग के साथ लगाई हैं जिससे युद्ध स्तर पर लाइन खड़ी करने का काम किया जा रहा है बिजली मिलने की कोशिश तो उन्होंने मंगलवार तक ही की थी लेकिन काम अधिक होने के कारण अब बुधवार की रात तक विद्युत सप्लाई सुचारु होने की उम्मीद उन्होंने जताई है।



### भगवान परशुराम जयंती को लेकर पत्रक वितरण जारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** भगवान परशुराम जयंती को लेकर युवाओं द्वारा पत्रक वितरण का कार्य जारी है नगर में २९ अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर एक शोभा यात्रा निकाली जानी है इससे पहले २६ अप्रैल से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन होना है २९ अप्रैल मंगलवार को अक्षय तृतीया का पर्व है इस अवसर पर नगर में शोभा यात्रा निकाली जानी है इसके लिए ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष भावेश शर्मा ने युवाओं की अलग-अलग जिम्मेदारी तय की है। युवा विभिन्न गांवो में घूम कर ब्राह्मण समाज एवं अन्य समाज के लोगों को पत्र वितरण करते हुए निमंत्रण दे रहे हैं पवित्र शर्मा ने पंडित लाल बहादुर शास्त्री एचडी ओम शिक्षण संस्थान शाहपुर खेड़ी से मुलाकात करके उन्हें भी इसके लिए निमंत्रण दिया है। इस दौरान बबलू शर्मा दीपेंद्र शर्मा आरती शर्मा पूजा शर्मा नरेश शर्मा नरेंद्र शर्मा अमित शर्मा रविकांत कौशिक आदि ने इस कार्य में सहभागिता निभाई है।



### प्रिंस शर्मा परिवार ने गांव में कराई हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**कांठ( शाह टाइम्स )** हिंदू फ्रीडम फंड के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने अपने गांव नसीरपुर में हनुमान जी की दो प्रतिमाओं की स्थापना कराकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा कराई इससे पहले गांव में एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया स्थापना स्थल पर सुंदरकांड का पाठ कराया गया उसके बाद विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करा कर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। बताया गया कि यह कार्य है उन्होंने अपने जन्मदिन दिवस पर आयोजित कराया इस अवसर पर प्रिंस के भाई मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे हापुड से आए आचार्य मोहित शास्त्री ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।



### अग्निवीर ट्रेनिंग को ग्रामीणों ने युवक को सम्मान के साथ किया रवाना

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव देवरी निवासी युवक को ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत करने के बाद सम्मान सहित अग्नि वीर ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। मंगलवार को अग्निवीर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से पहले भुवनेश यादव पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव को फूल मालाओं से लादकर गांव वासियों ने जोरदार स्वागत किया, इसके बाद उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गांव वासी सहित अनेक रिश्तेदारों ने जगह-जगह स्वागत किया और आशीर्वाद देते हुए अग्नि वीर प्रशिक्षण के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से शिशुपाल यादव, मदनपाल सिंह यादव, अवधेश यादव, बहादुर सिंह यादव, शिवम यादव, जगबीर यादव, रजनीश यादव, मयंक यादव, कृष्णा यादव आदि सहित रिश्तेदारों के अलावा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।




# सम्पादकीय

बुधवार, 23 अप्रैल 2025

## दुबे पर सुनवाई

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इसकी अभी तारीख तय नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दुबे के खिलाफ कई याचिका दायर की गई है। निशिकांत दुबे अपने 19 अप्रैल को दिए गए अपने बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए है। जिसमें उन्होंने कहां था कि देश में गृहयुद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के आठ अप्रैल को दिए एक आदेश को लेकर आई थी। जिसमें उसने कहा था कि किसी भी बिल पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। उनके बाद से कई याचिकाएं दुबे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। 20 अप्रैल को पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और मांग की कि उनके बयानों को अपराधिक दायरे में लाया जाए। उनसे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील नरेंद्र मिश्रा ने लेटर पिटिशन दायर कर आवमानना कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया था। इन दोनों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर और शिव कुमार त्रिपाठी ने अटार्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर अपराधिक आवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। निशिकांत दुबे ने जो बयान दिया है वह कोई पहली बार नहीं है सच तो यह है कि वह अपने विवादित बयानों को लेकर ही अधिक जाने जाते है, लेकिन ताजा मामले में व अपनी हदों से कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए है और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश को ही अपने निशाने पर ले लिया है। भले ही भाजपा दुबे के बयानों से अपने आप को अलग बता रही है और यह उनका व्यक्तिगत बयान बताकर पल्ला झाड़ रही है, लेकिन इससे कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। बात केवल निशिकांत दुबे की नहीं है बल्कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने में पीछे नहीं रहे है। संवभतः यह भारत के इतिहास में पहला अवसर होगा जब संविधान के उच्च पद पर बैठे व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट पर ऐसी टिप्पणी की है। जाहिर है इस तरह कि टिप्पणी एकाएक नहीं की जा सकती और यह एक सोची समझी निति का नतीजा लगता है। तभी तो निशिकांत दुबे के बचाव में भाजपा के कई नेता खुलेआम उतरते दिखाई दे रहे है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले से बेहद आहत दिखाई दे रहा है। वह कितना आहत है इसका अनदाजा उस याचिका पर सुनवाई से लगता है। जो वकील विष्णु हरि जैन ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की जिसमें वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने कहां कि हम भला राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकते है। हम पर तो पहले ही यह आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के मामले में दखल दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोर्ट के फैसलों की आलोचना नहीं कि जा सकती है बेशक की जा सकती है। लेकिन उसकी एक मर्यादा तो होनी ही चाहिए।

### लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका



किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका होती है और वे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने इच्छा व्यक्त करते हैं, मेरे अनुसार नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि एक राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों द्वारा ही निर्मित होते हैं, उनमें से प्रत्येक की अपनी भूमिका है, लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और धड़कती है, जब नागरिक सजग होगा, योगदान देगा, तो लोकतंत्र खिलेगा, इसके मूल्य बढ़ेंगे और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं है, संविधान का सार और महत्व संविधान की प्रस्तावना में समाहित है, संविधान के अनुसार हम, भारत के लोग सर्वोच्च शक्ति उनके पास है।

**जगदीप धनखड़**
**उप राष्ट्रपति**

# फसलों में लगी आग: किसान की मेहनत पर फिरता पानी





डॉ. सत्यवान सौरभ

**2024 में पंजाब के बरनाला जिले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे**

हर साल हजारों एकड़ फसल आग में जलकर राख हो जाती है, जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीवन प्रभावित होते हैं। आग के मुख्य कारणों में बिजली की लचर व्यवस्था, मानवीय लापरवाही, आपसी दुश्मनी और जलवायु कारण शामिल हैं। सरकारी मुआवज़ा योजनाएं और फसल बीमा प्रक्रियाएं इतनी जटिल और असंवे. दनशील हैं कि पीड़ित किसान को राहत नहीं, बल्कि और मानसिक पीड़ा मिलती है। लेख में तकनीक आधारित समाधान जैसे थर्मल सेंसर, फायर ब्रिगेड यूनिट, बिजली व्यवस्था का आधुनिकीकरण और किसानों की जागरूकता पर ज़ोर दिया गया है। फसल की आग केवल खेत नहीं जलाती, यह देश की खाद्य सुरक्षा और सामाजिक संरचना को भी राख कर देती है। समय रहते नीतिगत और तकनीकी हस्तक्षेप बेहद आवश्यक हैं।

हर साल जब रबी की फसल खेतों में सुनहरे रंग बिखेरती है और किसान की आंखों में सालभर की मेहनत की चमक उतरती है, तभी कहीं किसी गांव से धुएं का काला गुबार उठता है। फसल में लगी आग का। यह आग सिर्फ खेत को नहीं जलाती, यह किसान की आत्मा को भस्म कर देती है। भारत के ग्रामीण परिदृश्य में यह कोई नई घटना नहीं, बल्कि एक भीषण और बढ़ती हुई समस्या है जो नीतियों की लाचारी, तकनीकी उपेक्षा और प्रशासनिक सुस्ती की जिंदा मिसाल बन चुकी है।

### आंकड़ों की सच्चाई और जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, भारत में हर साल हज़ारों एकड़ की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। अकेले उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में अप्रैल से जून के बीच सैकड़ों घटनाएं सामने आती हैं। 2024 में पंजाब के बरनाला ज़िले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे। पर इन आंकड़ों के पीछे जो दर्द है, वह किसी सरकारी प्रेस रिलीज़ में दर्ज नहीं होता। किसान महीनों तक खेत में सुबह-शाम खटता है, उधारी में बीज, खाद, पानी और मजदूरी का इंतज़ाम करता है, और जब फसल तैयार होती है, तो एक चिंगारी सब खत्म कर देती है।

### आग के कारण: चिंगारी कहां से आती है?

फसलों में आग लगने के कई कारण हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली वितरण प्रणाली इतनी जर्जर है कि खुले खेतों में तारों का गिरना आम बात है। गर्मियों में बढ़ा हुआ लोड और पुराने ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट को बढ़ावा देते हैं। खेतों के पास कूड़ा जलाना, बीड़ी-सिगरेट फेंकना, या आग से सूखी झाड़ियों की सफाई करना एक चिंगारी को आग में बदल देता है। कई बार आपसी दुश्मनी या जमीन के झगड़ों में जानबूझकर फसलों को आग लगा दी जाती है। अत्यधिक तापमान, तेज़ हवाएं और सूखी फसलें आग को तेजी से फैलाने में सहायक बनती हैं।

### किसान के दिल की आग

बात सिर्फ मुआवज़े की नहीं है। जब कोई किसान देखता है कि उसका खेत, उसकी मेहनत, उसकी उम्मीदें जल रही हैं, तो वह भीतर से टूट जाता है। कई किसानों की आत्महत्याएं इसी आग के बाद दर्ज हुई हैं। हरियाणा के कैथल ज़िले में 2023 में एक किसान ने अपने खेत में आग लगने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मुआवज़ा 10 हज़ार रुपए आया, पर घर में खाने को रोटी नहीं थी।

### सरकार की नीतियां: राहत या औपचारिकता?

सरकारी मुआवज़ा योजनाएं खेत की जली भूमि के अनुसार तय होती हैं। लेकिन जमीन का निरीक्षण पटवारी और तहसीलदार करते हैं, जो अक्सर हफ्तों बाद आते हैं। छोटे किसानों को 4-5 हज़ार रुपये प्रति एकड़ मिलते हैं, वह भी महीनों बाद। फसल बीमा योजनाएं भी अधिकतर कागज़ी हैं। कई किसान न तो पॉलिसी की शर्तें समझते हैं और न ही दावे की प्रक्रिया। बीमा कंपनियां मौसम का डेटा दिखाकर दावा खारिज कर देती हैं। 'आग तो मौसम का हिस्सा नहीं थी।'

### समाधान क्या है?

अब वक्त है कि हम 'राहत' की बजाय 'रोकथाम' की बात करें। आधुनिक तकनीक जैसे थर्मल सेंसर, ड्रोन निगरानी और अलार्म सिस्टम फसलों में आग का पता समय रहते लगा सकते हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मोबाइल दमकल गाड़ियां और गांव स्तर पर स्वयंसेवी अग्निशमन दल गठित किए जाने चाहिए। खेतों में जाने वाली बिजली लाइनों को भूमिगत करना या उनके नियमित रखरखाव की जवाबदेही तय करनी चाहिए।

खेतों के पास आग से संबंधित कार्य न करने, कूड़ा जलाने की रोकथाम और फायर सेफ्टी प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। जिन मामलों में साजिश या शरारत शामिल हो, वहां पुलिस तुरंत संज्ञान ले और मुकदमा दर्ज हो। फसल बीमा को आधार और मोबाइल से जोड़कर दावा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।

### मीडिया की भूमिका: धुएं से परे देखना

मीडिया जब किसी फसल में आग की खबर दिखाता है, तो अक्सर दृश्यात्मक सनसनी होती है जलते खेत, रोता किसान। लेकिन इसके बाद क्या? क्या कभी किसी चैनल ने यह दिखाया कि मुआवज़ा मिला या नहीं? पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया या नहीं? दोषी पकड़ा गया या मामला ठंडे बस्ते में चला गया? फसलों में लगती आग कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, यह एक व्यवस्थागत विफलता है। और इस विफलता की जिम्मेदारी सिर्फ किसान पर नहीं, पूरे समाज पर है।

### जो खेत जल रहे हैं, वह देश की थाली हैं

जब खेत जलता है, तो केवल किसान का नुकसान नहीं होता, वह पूरे देश की खाद्य सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह आग उस थाली में पहुंचने से पहले ही अनाज को राख कर देती है। ज़रूरत इस बात की है कि हम किसान को सिर्फ 'अन्नदाता' न कहें, बल्कि उसे सुरक्षा, सम्मान और तकनीक के संसाधन भी दें। फसलों में लगती आग अब चेतावनी है।

# फैशन: फटी जींस मकसद और संदेश...





निर्मल रानी

**कुछ फैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित जरूर हो जाता है, हालांकि ऐसा फैशन करने वालों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं, न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फैशन कैसा लग रहा है**

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं। किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुए कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिए। परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को 'फ़ैशनेबल' साबित करना मात्र है।

ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में श्वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है 'फटी जीन' अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूंकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फ़िट, स्लिम फ़िट, टेपर्ड, रेगुलर फ़िट, और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रुपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता।

# गणतंत्र बचाने की अपील की नौबत क्यों आई





यशोदा श्रीवास्तव

**2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्तारूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं, नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, महंगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा महंगाई बेरोजगारी आदि को लेकर जूझ रहे हैं**

नेपाल में तेजी से घटित राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भले ही गणतंत्र समर्थक दल एक हो रहे हों लेकिन तमाम ऐसे सवाल मुंह बाए खड़े हैं जिसका जवाब लोकतंत्र बहाली के बाद से लेकर आज तक की सरकार के पास नहीं है। हैरत है 2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्ता रूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं। नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, मंहगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े, नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा मंहगाई, बेरोजगारी और पड़ोसी देशों से तनाव पूर्ण रिश्तों को लेकर जूझ रहा है। इस ओर ओली सरकार का ध्यान नहीं है। प्रमुख माओवादी नेता प्रचंड के नेतृत्व में पहली लोकतान्त्रिक सरकार हो या आज की ओली सरकार, सबके सब जोड़ तोड़ कर किसी तरह सत्ता बचाए रखने की गुणा गणित में ही व्यस्त रहे।

यह अचरज ही है कि दुनिया में जहां कहीं भी राजतंत्र के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ वहां दिन प्रतिदिन लोकतंत्र मजबूत ही हुआ लेकिन नेपाल में ऐसा नहीं हो रहा। किसी को गद्दी से उतार कर चुनी हुई सरकार का गठन ही लोकतंत्र नहीं होता। लोकतंत्र का मतलब लोकहित है, जो नेपाल में नहीं है। जनता पुनः राजतंत्र के समर्थन में न हो लेकिन लोकतांत्रिक सरकारों से खुश नहीं है। वह आक्रोशित हैं और तीसरे विकल्प की तलाश में भी है। नेपाली कांग्रेस जो राजतंत्र के जमाने से ही सत्ता की प्रमुख केन्द्र बिन्दु रही, वह भी अब कुंद पड़ गई है। इसके तमाम बड़े नेता गंभीर आपराधिक मुकदमों में फंसे हुए हैं। कोइराला परिवार के हाथ में जबतक इस पार्टी का कमान था तब तक विश्व के राजनीतिक फलक पर नेपाली कांग्रेस की अलग हैसियत थी। अब इस पार्टी का इकबाल पहले जैसा नहीं रहा। कभी भरोसे की पार्टी की पहचान वाली यह पार्टी जनता का विश्वास खोती जा रही है। इस पार्टी की औकात बस यही है कि यह किसी को समर्थन देकर सरकार बनवा सकती है और समर्थन वापस लेकर सरकार गिरा सकती है। पिछले कुछ सालों से नेपाली कांग्रेस की शिनाख्त नेपाल की राजनीति में इसी रूप में है।

एक नहीं तीन तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके प्रचंड और ओली भी जनविश्वास पर खरा नहीं उतरे। ऐसे में नेपाल प्रतिनिधि सभा में (संसद) सात आठ सांसदों वाली पार्टी राप्रपा खुद को विकल्प के रूप में खड़ा होने की कोशिश कर रही है। नेपाल की इस हिंदूवादी पार्टी की हालत अभी शिशु जैसी ही है ऐसे में नेपाली जनता का इसे विकल्प के रूप स्वीकार करना संभव नहीं जान पड़ता। खुद को राजा समर्थक पार्टी का दावा करने वाली राप्रपा ने नेपाल के बहुसंख्यक हिन्दुओं का समर्थन जुटाने के लिए पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के नाम का सहारा लिया। नेपाल में जगह जगह उनके समर्थन में रैलियां निकाली गई, पोखरा से लेकर काठमांडू तक उनका भव्य स्वागत किया गया। यह सब इस अंदाज में किया गया मानो राजतंत्र की वापसी हो रही हो। लेकिन हाल ही नववर्ष के अवसर अपने आवास पर मिलने गए राप्रपा अध्यक्ष राज. ेंद्र लिंगदेन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से ज्ञानेंद्र ने राप्रपा की कार्यशैली पर एतराज़ जताया और यह भी कहा कि किसी भी आंदोलन में उनके नाम का इस्तेमाल न हो। हां पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने राप्रपा नेताओं को नेपाल के जनहित के मुद्दों पर फोकस करने को जरूर कहा। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार से जनता त्रस्त है, सरकार की विफलता को जनता के बीच उठाएं। इधर राजतंत्र की वापसी पर नेपाल के बुद्धिजीवी और मीडिया की भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल के सबसे बड़े दैनिक अखबार कांतिपुर के संपादक उमेश चौहान ने साफ कहा है कि सरोकार से जनता नाराज हैं लेकिन इसे राजतंत्र की वापसी की दृष्टि से न देखा जाय। इस बीच अचानक नेपाल के तीन प्रमुख गणतंत्र समर्थक दलों के शीर्ष नेताओं की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता से एकजुट होने की अपील को नेपाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दृष्टि से देखा जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री निवास बालुवाटार में आयोजित बैठक में एमाले, माओवादी केंद्र तथा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष क्रमशः केपी शर्मा ओली, पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' और शेरबहादुर देउबा ने गणतंत्र के पक्ष में खड़ी सभी शक्तियों से एकजुट होने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के मानवाधिकार तथा संक्रमणकालीन न्याय मामलों के सलाहकार अग्नि खरेल ने बताया कि संविधान का उल्लंघन करने और सामाजिक अराजकता फैला कर देश की शांति एवं स्थिरता को बाधित करने वाली शक्तियों के प्रति सचेत रहते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों समेत गणतंत्रवादी शक्तियों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। ओली सरकार का मानना है कि हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर राप्रपा ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन कर काठमांडू में अशांति पैदा की थी। इस पार्टी के तीन बड़े नेता गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए हैं। पिछले दिनों इनकी रिहाई की मांग को लेकर भी इस पार्टी ने काठमांडू में प्रदर्शन किया था। ओली सरकार यह मानकर चल रही है आगे भी ये लोग लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने का खेल खेलते रहेंगे इसलिए लोकतंत्र समर्थकों की एक जुटता जरूरी है।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए फायदेमंद होता है मेसो बोटोक्स

### ढलती उम्र पर लग जाता है फुलस्टॉप

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो बढ़ती उम्र में भी एकदम जवां दिखती हैं और उनकी स्किन भी यंग लगती है। फिर भले ही वह कितना भी कहें कि उनकी यंग स्किन के पीछे का राज अच्छा खानपान है। जबकि यह पूरी तरह से सच नहीं होता है। अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटोक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है कि आखिर बोटोक्स और मेसो बोटोक्स में क्या अंतर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेसो बोटोक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह किस तरह से काम करता है।

### मेसो बोटोक्स का काम

अगर आप भी मेसो बोटोक्स कराने की सोच रहे हैं, तो इससे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर यह किस काम आता है। मेसो बोटोक्स एक ऐसा प्रोसेस है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है। अगर आपके चेहरे और आंखों के आसपास फाइन लाइन्स और झुर्रियां आदि हैं। तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसके इस्तेमाल रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को कंट्रोल करने और फेस पर पसीना कम करने के लिए किया जाता है।

### कैसे करता ये काम

मेसो बोटोक्स में चेहरे के खास हिस्सों पर हायलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में माइक्रो नीडल का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटोक्स का इस्तेमाल आंखों के नीचे झुर्रियां, माथे की बारीक झुर्रियां, मुंह का दबा हुआ कोण, नासोलैबियल फोल्ड, गर्दन और हाथ की झुर्रियों को हटाने में मदद किया जाता है।

### बोटोक्स से होता है अलग

बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे नहीं होते हैं। दोनों में काफी फर्क होता है। बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशियों में लगाया जाता है। वहीं मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन स्किन की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में कम मात्रा में बोटुलिनम पाया जाता है। जबकि बोटोक्स में बोटुलिनम का पर्याप्त इस्तेमाल किया जाता है।

### जानिए इसका नुकसान

अगर आप भी मेसो बोटोक्स लेने का सोच रही हैं, तो किसी अच्छे स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।

# ट्रम्प का विरोध बरकरार, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने भी ठोका मुकदमा

## यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर की फंडिंग पर अमेरिकी सरकार ने लगाई थी रोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही विश्व. विद्यालय से यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रो. कनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमे. रिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। यूनिवर्सिटी में फलस्तीनी झंडा फहराया था गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुता. बिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी।

## ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता का खंडन

**तेहरान।** तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है।

बाकेई ने कहा कि यह सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खाती। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

## पाक के पंजाब में पुलिस अभियान में मारे गए 10 आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि मियांवाली जिले के मकरवाल इलाके में खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

बयान में कहा गया है कि पंजाब पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 से अधिक आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलीबारी में एक स्थानीय निवासी के पैर में चोट लग गई और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान कोई भी पुलिस या सीटीडी कर्मी घायल नही हुआ। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने सफल ऑपरेशन के लिए मियांवाली पुलिस और सीटीडी टीमों को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए किसी भी खतरे को विफल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## भारत पहुंचते ही गदगद हुआ अमेरिकी उपराष्ट्रपति का परिवार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कल यानी सोमवार को 4 दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे। उनका प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। इसके बाद वेंस परिवार दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गया और वहां करीब 1 घंटे रुका। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे, जहां पीएम ने उन्हें रिसीव किया। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस की पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

## हूती हमलों का कड़ा जवाब देंगे नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा। नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है,उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नही जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन में हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर में इजरायल से जुड़े शि. पिग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके।

## अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेट्री का हैंडबैग चोरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग रविवार को एक रेस्टोरेंट में चोरी हो गया। उनके बैग में सिक्योरिटी बैज और 3000 डालर नकद (2.55 लाख रुपये) थे। इसके अलावा हैंडबैग में उनका ड्राइविंग लाइसेंस, दवाइयां, अपार्टमेंट की चाबियां और खाली चेक भी थे। होमलैंड डिपार्टमेंट ने बताया कि नोएम का पूरा परिवार ईस्टर के मौके पर उनके साथ। वह कैश का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ डिनर और गिफ्ट खरीदने के लिए कर रही थीं। अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एक फेडरल एग्जीक्यूटिव आफिस है।

## बदल रहे हैं भारत और भारतीय महिलाएं: निर्मला



**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिए गए बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिया जवाब

पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है।

## विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है।

## नासा व स्पेसएक्स का मिशन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी। यह मंगलवार को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 8:20 बजे आईएसएस के साथ स्वायत्त रूप से डॉक करने वाला है। यह मिशन परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में दृष्टि-आधारित नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की वायु गुणवत्ता, दवा और उत्पाद निर्माण के लिए सामग्री और प्रकाश संश्लेषण पर कम निर्भरता के साथ पौधों की वृद्धि को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयोग हैं। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के साथ साझेदारी में किए गए नासा के 32वें वाणिज्यिक पुन: आपूर्ति मिशन को चिन्हित करता है।

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानक. ारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है।

## मैक्सिकन राष्ट्रपति ने खारिज किया अमेरिका का अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने सोमवार को अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए और निजी स्वामित्व वाले मैक्सिकन टेलीविजन स्टेशनों द्वारा प्रसारित अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान की आलोचना की। राष्ट्रपति ने अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विज्ञापन की निंदा करते हुए कहा कि इसमें अत्यधिक भेदभावपूर्ण सामग्री है, और मानवीय गरिमा पर हमला करता है और प्रवासियों के खिलाफ अस्वीकृति और हिसा को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने औपचारिक रूप से इसे वापस लेने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि मैक्सिकन संविधान कि भेदभाव के किसी भी कार्य या अभ्यास को प्रतिबंधित करता है, और संघीय दूरसंचार कानून यह निर्धारित करता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ढांचे के भीतर प्रसारित प्रोग्रामिंग को कलात्मक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और मानवाधिकारों के सम्मान के प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए।

## 23 लोगों की जान लेने वाले को मिला आजीवन कारावास

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एल पासो में वॉलमार्ट में हिस्पैनिक प्रवासियों को निशाना बनाकर वर्ष 2019 में किए गए हमले में 23 लोगों की हत्या करने वाले पैट्रिक क्रूसियस को में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रांतीय अदालत ने सोमवार को यह सजा सुनाई। एल पासो के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेम्स मोंटोया के कार्यालय ने पिछले महीने क्रूसियस को मौत की सजा से बचने के लिए यह दलील देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से फांसी के पक्ष में थे, लेकिन इससे ट्रायल में और देरी होती, जबकि अधिकतर पीड़ित परिवार मामले को बन्द करना चाहते हैं। गौरतलब है कि 2019 में अमे. रिका के सबसे भीषण हमलों में से एक को अंजाम देने वाले क्रूसियस को 2023 में फेडरल ट्रायल में 90 बार उम्रकैद की सजा मिली थी। उसने गुनाह कबूल कर लिया था।

## कनाडा में पहली बार 4 गुजराती चुनावी मैदान में



**पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के टिकट पर ब्रैम्पटन के चिंगकौसी पार्क से चुनाव लड़ रहे जयेशभाई एक बातचीत में कहते हैं कि कनाडा में शुरुआती दिन हर किसी के लिए संघर्षपूर्ण होते हैं। मैंने तीन साल तक छोटे-मोटे काम किए। इसके बाद स्टोर पार्टनर के तौर पर काम किया।**

### कनाडा में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही साजिश!

**अहमदाबाद।** कनाडा में चुनाव आमतौर पर अक्टूबर में होते हैं, लेकिन इस साल इनकी घोषणा पहले ही कर दी गई और मतदान 28 अप्रैल को है। कनाडा में दो मुख्य पार्टियां हैं, जिनमें लिबरल पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी शामिल हैं। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो लिबरल पार्टी से थे। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव में भाग ले रहे हैं। अब जब गुजराती कनाडाई संसद में अपनी आवाज उठाना चाहते हैं, तो दिव्य भास्कर ने इन चार गुजराती उम्मीदवारों जयेशभाई ब्रह्मभट्ट, अशोकभाई पटेल, मिनेशभाई पटेल और सुंजीवभाई रावल से खास बात. चीत की।

इसके अलावा, गुजराती व्यवसाई हेमंतभाई शाह से भी कनाडा में वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में जाना, जो पिछले पांच दशकों से कनाडा में रह रहे हैं। हेमंतभाई कारोबारी हेमंतभाई शाह ने कनाडा की राजनीति में गुजरातियों की एंट्री के बारे में कहा- कनाडा की राजनीति में धन जुटाने में मेरे सहित कई हिंदू-गुजरातियों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इस बार पांच उम्मीदवार खड़े हुए, लेकिन अंतिम समय में डान पटेल का नामांकन वापस ले लिया गया। इससे चार गुजराती चुनाव में खड़े हुए। यह न केवल कनाडा के लिए, बल्कि दुनिया भर के गुजरातियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि गुजराती-हिंदुओं की आवाज कनाडा की संसद तक पहुंचे। इन गुजरातियों से प्रेरित होकर भविष्य में अन्य गुजराती भी आएंगे। हेमंतभाई कनाडा की राजनी. ति में मौजूदा अहम मुद्दे के बारे में हेमंतभाई कहते हैं-अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का मुद्दा कनाडा के लिए भी अहम है। अगर कनाडा में नौकरियों की कमी हो जाएगी तो स्टूडेंट्स क्या करेंगे?

कनाडा में इस समय कंपनियों में छंटनी चल रही है। कनाडा का 81 प्रतिशत निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका को होता है। ओन्टारियो का सारा उद्योग अमेरिका पर निर्भर है, और यदि यह बंद हो जाए तो क्या होगा। गुजराती छात्रों को यह समझना होगा कि वे कनाडा के लिए प्राथमिकता नहीं हैं। मैं अब भी कहता हूं कि छात्रों को अभी कनाडा नहीं आना चाहिए, क्योंकि 10 महीने के भीतर कनाडा के भयानक मंदी में डूबने की आशंका है।



